

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, मंगलवार 23 जुलाई 2024 ■ श्रावण कृष्ण पक्ष-2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-116 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 जुलाई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# उम्मीदों का बजट

# गरीब,महिला,युवा व किसानों पर फोकस, न्यू टैक्स रिजीम का ऐलान,3 लाख तक कोई टैक्स नहीं,मोबाइल,सोना-चांदी, कैंसर की दवाएं सस्ती

**नई दिल्ली,23 जुलाई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज लोकसभा में प्रधानमंत्री मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट पेश किया है। बजट में नई आयकर व्यवस्था को बढ़ावा दिया, जिसमें मानक कटौती 50,000 रुपये से बढ़ाकर 75,000 रुपये कर दी गई है। वित्त मंत्री ने कहा कि नई कर व्यवस्था के तहत, कर दर संरचना को निम्नानुसार संशोधित किया जाएगा। इस व्यवस्था में तीन लाख तक की आय पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। 3 से 7 लाख तक की कमाई पर 5 प्रतिशत इनकम टैक्स देना होगा। निर्मला सीतारमण ने बताया कि 7 से 10 लाख की आय होने पर 10 फीसदी की दर से आय कर लगेगा। 10 से 12 लाख के टैक्सेबल इनकल पर 15 फीसदी की दर से आयकर लगेगा।**



निर्मला सीतारमण ने कहा कि 12 से 15 लाख के टैक्सेबल इनकम पर 20 फीसदी आयकर लगेगा. 15 लाख से ज्यादा के टैक्सेबल आय पर 30 फीसदी की दर से आयकर लगेगा। सरकार ने पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कर कटौती को 15,000 रुपये से बढ़ाकर 25,000 रुपये करने का प्रस्ताव किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने एनपीएस के लिए नियोक्ता के अंशदान पर कटौती की सीमा 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत की। उन्होंने कहा कि वित्तीय एवं गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों में दीर्घावधि लाभ पर अब 12.5 प्रतिशत की दर से कर लगेगा।

वित्त मंत्री ने घोषणा की कि मानक कटौती की सीमा 50,000 रुपये से बढ़कर 75,000 रुपये की गयी। सीतारमण ने कहा कि निजी क्षेत्र में वाणिज्यिक स्तर पर अनुसंधान एवं नवोन्मेष को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का वित्तीय कोष है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए एंजल कर समाप्त होगा। सरकार ने ई-कॉमर्स गतिविधियों में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की दर को एक प्रतिशत से घटाकर 0.1 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष के बाद आयकर आकलन केवल उन मामलों में पुनः किया जाएगा जहां बेहिसाबी आय 50 लाख रुपये या उससे अधिक है।

**एक करोड़ युवाओं को टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका**-वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा कि 'सरकार एक करोड़ युवाओं को अगले पांच साल में टॉप-500 कंपनियों में इंटर्नशिप का मौका देगी। यह इंटर्नशिप 12 महीने की होगी।

**शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक का मिलेगा लोन**-सरकार देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षा के लिए आर्थिक मदद देगी। शिक्षा ऋण पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, 'सरकार घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करेगी।

**कृषि क्षेत्र के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान**-बजट में किसानों और कृषि क्षेत्र के 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस फंड से कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के लिए योजनाएं बनाई जाएंगी।

**'पीएम गरीब कल्याण योजना को पांच साल के लिए बढ़ाया गया'**-वित्त मंत्री ने कहा 'हमने पीएम गरीब कल्याण योजना को 5 साल के लिए बढ़ाया। इससे 80 करोड़ से अधिक गरीबों को लाभ हो रहा। रोजगार, कौशल प्रशिक्षण के लिए पीएम की पांच योजनाओं के पैकेज की घोषणा। इससे पांच साल में 4 करोड़ 10 लाख युवाओं को लाभ होगा।

**पहली बार बजट में नौकरी के लिए बड़ा ऐलान**-बजट में पहला ऐलान नौकरी के लिए हुआ है। बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा कि पूरे वर्ष और उसके बाद की अवधि को ध्यान में रखते हुए, इस बजट में हम विशेष रूप से रोजगार, कौशल प्रशिक्षण, एमएसएमई और मध्यम वर्ग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मुझे रोजगार, कौशल प्रशिक्षण और अन्य अवसरों की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री की 5 योजनाओं और पहलों के पैकेज की घोषणा करते हुए हार्दिक प्रसन्नता हो रही है, जिससे 5 वर्ष की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं को लाभ होगा । इसके लिए केंद्रीय परिव्यय 2 लाख करोड़ रुपए का है।

**महिलाओं के नाम से प्रॉपर्टी खरीदने पर मिलेगी राहत**-अब महिलाओं के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदने पर रजिस्ट्री के दौरान लगने वाली स्टाम्प ड्यूटी पर राहत देने की घोषणा की गई है। इससे गरीबों को आवास खरीदने के दौरान रजिस्ट्री के लिए स्टाम्प ड्यूटी पर बड़ी राहत मिल सकेगी। इसके अलावा सरकार ने आवास के लिए कई तरह की अन्य घोषणाएं भी की हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में कहा कि सरकार शहरों में रेंटल हाउसिंग डेवलप करेगी। ये हाउसिंग स्कीम बड़ी कंपनियों और कारखानों के आसपास बनाए जाएंगे। इससे फैक्ट्रियों में काम करने वाले कामगारों को सस्ते रेंट पर माकान मिल पाएगा। ये हाउसिंग पीपीपी मोड में बनाया जाएगा।

**मुद्रा योजना के तहत ऋण सीमा बढ़ाकर अब इतने लाख हुई**-इस बजट में सरकार ने छोटे उद्यमियों को बड़ी राहत देते हुए मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये कर दी है। सरकार द्वारा ऋण सीमा को सीधे दोगुना करने से उन उद्यमियों को मदद मिलेगी जो व्यवसाय खड़ा करने की कोशिश कर रहे हैं।केंद्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कारोबार खड़ा करने में मदद के लिए विशेष लोन की व्यवस्था की है। रेहड़ी-पटरी पर फल-सब्जी बेचने वाले या अन्य छोटे कारोबार करने वालों को सरकार बिना किसी गारंटी के 10 लाख रुपये तक का लोन देती है।

### बजट में हर वर्ग का रखा ख्याल:साय

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुये कहा यह बजट विकसित भारत व विकसित छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा इस बजट की विभिन्न घोषणाओं से राज्य के हर वर्ग को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा बजट में गरीब और अन्नदाता के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को फायदा पहुंचाने की बात कही गई है।

### न्यू टैक्स रिजीम

| |
|---|
| 0-3 लाख रुपये- 0 |
| 3-7 लाख रुपये- 5 फीसदी |
| 7-10 लाख रुपये- 10 फीसदी |
| 10-12 लाख रुपये - 15 फीसदी |
| 12-15 लाख रुपये- 20 फीसदी |
| 15 लाख रुपये से ज्यादा- 30 फीसदी |

### बजट में सरकार की नौ प्राथमिकताएं

1. खेती में उत्पादकता 2. रोजगार और क्षमता विकास 3. समग्र मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय 4. विनिर्माण और सेवाएं 5. शहरी विकास 6. ऊर्जा सुरक्षा 7. अधोसरंचना 8. नवाचार, शोध और विकास 9. अगली पीढ़ी के सुधार

### बजट की खास बातें

- युवाओं के लिए 2 लाख करोड़ रुपये की 5 योजनाएं। इससे 5 करोड़ से अधिक युवा लाभान्वित होंगे। 3 रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए योजनाएं।
- कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का आवंटन। किसानों और उनकी भूमि को डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का लाभ मिलेगा। 6 करोड़ किसान किसान और भूमि रजिस्ट्री के दायरे में आएंगे।
- पूर्वी राज्य विकसित भारत का इंजन बनेंगे। बिहार को 3 एक्सप्रेसवे मिले। नई सड़कों का निर्माण 26 हजार करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। एक औद्योगिक केंद्र बनाया जाएगा।
- विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन। पहली बार काम करने वाले कर्मचारियों को ईपीएफओ में उनके योगदान के अनुसार प्रोत्साहन मिलेगा। इससे 30 लाख युवाओं को लाभ मिलेगा।
- प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए, कंपनियों को 2 साल के लिए हर महीने 3-3 हजार रुपये की प्रतिपूर्ति मिलेगी। इससे 50 करोड़ लोगों को फायदा होगा।
- औपचारिक क्षेत्र में कार्यबल में शामिल होने वालों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के तहत 15 हजार रुपये तक का लाभ दिया जाएगा। 1 लाख रुपये तक के वेतन वाले कर्मचारी इसके लिए पात्र होंगे। इससे 2 लाख से अधिक युवाओं को लाभ होगा।

### पीएम आवास योजना में बनेंगे 3 करोड़ और घर

- प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भी सरकार ने बड़ा ऐलान किया है. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कहना है कि पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त घर बनाए जाएंगे. ये योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए है.

### मोबाइल फोन और दवाएं सस्ती

- मोबाइल फोन-चार्जर सस्ते होंगे. इसके अलावा बिजली के तार, एक्सरे मशीन सस्ती होंगी. कैंसर की तीन दवाइयों से कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है. एक्सरे मशीन, सोलर सेट्स, लेदर और सीफूडस, सोना-चांदी से सीमा शुल्क कम किया गया है. ऐसे में ये भी सस्ते होंगे.

### इनकम टैक्स आसान होगा

- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि इनकम टैक्स को आसान बनाया जाएगा. टीडीएस वक्त पर न भरना अब अपराध नहीं होगा. बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान किया. बजट में सरकार ने मिडिल क्लास को तोहफा दिया है. नई टैक्स रिजीम में स्टैंडर्ड डिडेक्शन 75000 रुपये बढ़ा दिया गया है.

### शहरी विकास पर फोकस

- 100 बड़े शहरों के लिए जलापूर्त, सीवेज ट्रीटमेंट के लिए परियोजनाएं
- 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 बड़े शहरों में आवागमन के लिए विकास योजनाएं
- पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 1 करोड़ शहरी और मध्य वर्गीय परिवारों को लाभ मिलेगा.
  चयनित शहरों में बनेंगे 100 साप्ताहिक हाट और स्ट्रीट फूड हब
- पहली बार नौकरी पाने वालों को दो साल तक हर महीने 300 रुपये अतिरिक्त पीएफ देगी सरकार.
- अनसिक्योरड एजुकेशन लोन 10 लाख तक देशी संस्थानों में पढ़ने के लिए मिलेगा.
- युवाओं को स्किल ट्रेनिग दी जाएगी. 30 लाख युवाओं को ट्रेनिंग मिलेगी.
- इसके लिए बजट में 2 लाख करोड़ के पैकेज का ऐलान किया गया.
- केंद्र सरकार 4.1 करोड़ युवाओं को रोज़गार के लिए पांच योजनाएं लाएगी. आने वाले 5 साल में दो लाख करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार.
- अगले 5 सालों में 1 करोड़ युवाओं को सरकार इंटर्नशिप प्रदान कराएगी. एक साल के इंटर्नशिप में हर महीने 5000 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिलेगी.

### बजट भाषण में निर्मला सीतारमण के बड़े ऐलान

- 5 साल मुफ्त राशन की व्यवस्था चलती रहेगी.
- इस साल कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान.
- बिहार में एक्सप्रेस वे के लिए 26 हजार करोड़ का प्रावधान.
- छात्रों को 7.5 लाख का स्किल मॉडल लोन.

## संक्षेप

### संत चितले बाबा का जन्मोत्सव 25 को शिव धाम तुलसी में

**रामपुर,23 जुलाई।** शिरडी बाले साईं बाबा के परम भक्त संत



श्री गुलाब बाबा के शिष्य संत श्री चितले बाबा 24 जुलाई 2024 को शिव धाम तुलसी पाटन में पधार रहे हैं। राजधानी रायपुर के अनुयायियों की ओर से गुरुवार 25 जुलाई 24 को संत चितले बाबा का जन्मोत्सव शिव धाम में धूमधाम से मनाया जाएगा। संत श्री अपने दो दिवसीय प्रवास में आम जन के दर्शनार्थ उपलब्ध रहेंगे।

### अज्ञात वाहन ने 8 मवेशियों को रौंदा

**गरियाबंद,23जुलाई।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे मार्ग 130 सी में बीते रात अज्ञात वाहन ने 08 मवेशियों को बुरी तरह रौंद दिया है घटना की जानकारी लगते सुबह से मौके पर भीड़ लगी हुई है,मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर से 03 किमी दूर नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग ग्राम गौरघाट में तहसील कार्यालय के सामने अज्ञात वाहन ने 08 मवेशियों को बुरी तरह टक्कर मार भाग जिसमें 07 मवेशियों के मौके पर मौत हो गई है और एक गंभीर रूप से घायल हो गया है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली सहित बहा

**कवर्धा,23 जुलाई।** प्रदेश में झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर हैं. ऐसे में लोग बिना जान की परवाह किये नदियों को पार कर रहे हैं. ऐसी ही एक बड़ी लापरवाही कबीरधाम जिले से सामने आई है. यहां उफनते नाले को पार करते समय ट्रैक्टर ट्रॉली सहित बह गया। इस दौरान कुछ ट्रैक्टर सवार कुछ लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई और कुछ उसकी के साथ पानी में बह गए. घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सभी को सुरक्षित निकाला गया. यह मामला कुकदुर थाना क्षेत्र के ढोलढली सेंदुरखार गांव का है। जानकारी के अनुसार, जिले में 24 घंटे से मूसलाधार बारिश हो रही. इसकी वजह से नदी-नाले उफान पर हैं और जिला प्रशासन ने नदी-नाले को पार नहीं करने की चेतावनी दी है. ऐसे में बीते सोमवार की शाम लगभग 6.30 बजे कुकदुर थाना क्षेत्र पुटपुटा और भाकुर गांव मार्ग के उफनते ढोलढोली नाला से गुजर रहा एक ट्रैक्टर ट्रॉली सहित बह गया. कुकदुर पुलिस ने त्वरित रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर ड्राइवर मनी पात्रे निवासी कुई और अन्य 3 व्यक्तियों नागेश, उतरा, विजय निवासी साजापारा कुई को बचा लिया.

### लापरवाह 5 कर्मचारी निलंबित

**जगदलपुर,23 जुलाई।** बस्तर जिले में शिक्षा विभाग ने लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई की है. जिसमें 5 कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया है. यह निलंबन कार्रवाई कलेक्टर विजय दयाराम के निर्देश पर की गई है. दरअसल, हाल ही में बस्तर कलेक्टर विजय दयाराम ने बस्तर विकास खंड का दौरा किया था. जिसके बाद कलेक्टर ने काम में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को निलंबित करने के निर्देश दिए थे. कलेक्टर के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई करते हुए बस्तर ब्लॉक के 4 सहायक ग्रेड और 1 सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया है. इसके साथ ही बस्तर, तोकापाल और बास्तानार के सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी को मूल संस्था भेजने के निर्देश भी दे दिए हैं. शासन के निर्देश के तहत गैर शिक्षकीय कार्य कर रहे पर यह कार्रवाई की गई है.

## ट्रेलर की टक्कर से दो नाबालिग छात्रों की मौत

**कवर्धा,23 जुलाई।** छत्तसीगढ़ के कवर्धा जिले के कुकदुर थाना से होकर गुजरने वाले राजकीय मार्ग में सोमवार को भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक ट्रेलर वाहन की ठोकर से मोटर सायकल सवार दो ग्रामीण छात्रों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों से मिली सूचना पर मौके परपुलिस पहुंची डॉयल 112 एवं कुकदुर पुलिस की टीम ने दोनो मृतकों के शवों को बरामद कर लिया है वहीं आरोपी ट्रेलर वाहन चालक को भी गिरफ्तार कर वाहन को जप्त कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को ग्राम आगरपानी निवासी छोटेलाल पिता झुनिया आयु करीब 13 वर्ष एवं जगतू पिता मुन्ना आयु करीब 12 वर्ष दो क्रमशः कक्षा 7 वीं एवं 6 वीं के स्कूली छात्र गांव में लाईट बंद होने के कारण फोटो कॉपी कराने अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 09 जेजे- 4876 से कुकदुर गए थे। बताया जाता है कि शाम करीब 5.30 बजे दोनो अपना कामकाज निपटाने के बाद वापस अपने गांव मोटर सायकल से लौट रहे थे। इसी दौरान कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम पोलमी के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएल-6817 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए मोटर सायकल सवार छात्रों को अपनी चपेट में लेते हुए जोरदार ठोकर मार दी। जिससे दोनो छात्र सड़क पर जा गिरे। इस दुर्घटना में मोटर सायकल सवार छात्रों के सिर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर और घातक चोट आने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जिसके बाद राहगीरों ने इसकी सूचना तत्काल कुकदुर पुलिस तथा डॉयल 112 को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनो मृतकों को शवों को बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है वहीं आरोपी चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने ट्रेलर वाहन को भी जप्त कर लिया है।

**मृतक कक्षा 6वीं व 7वीं के छात्र**-यहां बताना लाजिमी होगा कि, दोनो मृतक कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम आगरपानी के रहने वाले हैं और कक्षा सातवीं व कक्षा छठवीं के छात्र हैं।

## कार में मिला 20 लाख का गांजा

**सारंगढ़,23जुलाई।** जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के पुलिस अधीक्षक महोदय पुष्कर शर्मा के द्वारा जिले के सभी थाना /चौकी प्रभारियों को जुआ, सट्टा ,शराब, और अवैध मादक पदार्थ गांजा में संलिप्त व्यक्तियों के उपर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में तथा अति0 पुलिस अधी.महोदय सारंगढ़-बिलाईगढ़ कमलेश्वर प्रसाद चंदेल एवं एसडीओपी महोदय सारंगढ़ अविनाश मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में 22 जुलाई को रात्रि गस्त के दौरान मुखबीर से सुचना मिली कि एक सफेद रंग की बलेनो कार कमांक सी0जी0-04 एल0आर0 7277 का चालक अपने कार में ओडिसा राज्य तरफ से ग्राम देवगांव थाना सरिया (छ0ग0) होते हुए चाम्पा की ओर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर जा रहा है। उपरोक्त सुचना पर रेड कार्यवाही हेतु गवाहों के साथ घटना स्थल ग्राम बोरे श्मशान घाट के पास पहुंचकर घेराबंदी किया गया जो कुछ देर में मुखबीर द्वारा बताये अनुसार एक सफेद रंग के बलेनो कार क्रमांक सी0 जी0-04 एल0आर0 7277 का वाहन ओडिसा राज्य तरफ से ग्राम देवगाव थाना सरिया छत्तीसगढ़ की ओर आते दिखा जो उपरोक्त कार का चालक पुलिस को दूर से देखकर कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेल: 2024 पेरिस,भारतीय हाकी टीम बी ग्रुप में

jasclaudius@gmail.com

## सफलता मिलेगी तब, जब खेलेंगे मिलजुलकर

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

2024 के ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में भारत को हाकी में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। 1980 के पश्चात 2020 के टोक्यो ओलंपिक में भारतीय हाकी टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त करके कांस्य पदक जीता। 2024 के पेरिस ओलंपिक में भारतीय हाकी टीम को अपनी प्रतिष्ठा को पुनः स्थापित करने के लिए प्रत्येक मैच में सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाना होगा। ओलंपिक खेलों में भारत ने 1928 के एम्सटर्डम से भाग लेना आरंभ किया और अब तक जीते गये 10 स्वर्ण, 9 रजत, 16 कांस्य सहित 35 पदकों में सबसे बड़ा योगदान हाकी टीम ने दिया है। हाकी में भारत ने 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1964, 1980 में स्वर्ण पदक याने 8 स्वर्ण ,1960 में रजत, और 1968, 1972, 2020 में तीन कांस्य पदक जीते। हमारे देश द्वारा ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में अर्जित 35 पदकों में 12 पदक हाकी के माध्यम से आये। हाकी में 1928 से पदक जीतने का जो सिलसिला प्रारंभ हुआ वह पहली बार 1976 के मांट्रियाल ओलंपिक में थमा। अर्थात् हाकी पदक के 1976 में चूकने से ऐसा हुआ जब ओलंपिक खेलों में 1924 के पश्चात भारतीय दल पदक विहीन लौटा। वैसे भारत के खिलाड़ियों का ओलंपिक खेलों में भाग लेने के बावजूद 1984 से 1992 तक लगातार पदक नहीं हासिल करने का एक अलग कीर्तमान है। यह भी है कि हाकी में सफलता ना मिलीं लेकिन 1996 से 2020 तक भारतीय दल ने ओलंपिक के किसी न किसी खेल में पदक प्राप्त किया है।



भारतीय हाकी दल के प्रदर्शन में 1976 से लगातार गिरावट के कई कारण हैं उनमें अंतर्राष्ट्रीय हाकी टूर्नामेंट का आयोजन 1976 से कृत्रिम घास में कराये जाने की अनिवार्यता और संसार में हाकी की गिरती लोकप्रियता को बरकरार रखने के लिए खेल के नियमों में लगातार बदलाव प्रमुख है। भारतीय उपमहाद्वीप में हाकी की लोकप्रियता की वजह से कलात्मक खेल शैली थी लेकिन इसे उबाऊ और धीमा ठहरा कर विदेशी हाकी संघों ने तेजतर्रार बनाने का तर्क दिया।जिससे हाकी के प्रचलित नियमों में ऐसे बदलाव किए जिससे यह खेल काफी तेज तो जरूर हुआ परंतु नियमों में परिवर्तन का लाभ विदेशी खिलाड़ियों को मिला। इस परिस्थिति से बाहर आने और नियमों के अनुकूल हाकी टीम को तैयार करने में हाकी इंडिया ने काफी सूझबूझ से काम लिया और खिलाड़ियों को प्रतिभा के हिसाब से चुनकर सीनियर व जूनियर वर्ग के पुरुष टीम को गहन प्रशिक्षण के पश्चात तैयार किया। 16 मई 2024 को हाकी इंटरनेशनल द्वारा जारी पुरुष रेकिंग में भारत को सातवां स्थान प्राप्त है। 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय हाकी टीम के खिलाड़ियों के नाम तथा कोष्टक में वह संख्या जितने मैंच उन्होंने भारत के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेला है। गोलकीपर पीआर श्रीजेश 328, कृष्णा बी पाठक 125, डिफेंडर-जर्मनप्रीत सिंह 98, अमित रोहिदास 184, हरमनप्रीत सिंह 219, जुगराज सिंह 56, संजय 35, मिडफील्डर मनप्रीत सिंह 370, नीलकांत शर्मा 125, शमशेर सिंह 95, सुमित 135, राजकुमार पाल 53, हार्दिक सिंह 134, विवेक सागर प्रसाद 143, फारवर्ड-ललित कुमार उपाध्याय 168, मंदीप सिंह 244, गुरंजत सिंह 109, सुखजीत सिंह 70, अभिषेक 74 शामिल है। पेरिस ओलंपिक के लिए 12 देशों की टीम ने पुरुष वर्ग में योग्यता हासिल की है। उनके नाम में उनकी उनकी वर्तमान विश्व वरीयता है- ग्रुप ए नीदरलंड्स 01, जर्मनी 05, ग्रेट ब्रिटेन 02, स्पेन 08, फ्रांस 09, साउथ अफ्रीका 13, ग्रुप बी- भारत 07, बेल्जियम 03, आस्ट्रेलिया 04, अर्जेंटीना 06, न्यूजीलैंड 10, आयरलैंड 11, इनमें दोनों ग्रुप में सभी टीम को पहले चक्र में एक-दूसरे से राउंड राबिन आधार पर खेलना है फिर दोनों टीमों से पहले चार स्थान पर आने वाली टीम क्वार्टर फायनल में पहुंचेगी। इस चक्र में चैंपियनशिप नाकआउट आधार पर खेली जायेगी। भारत की टीम के लिए ग्रुप के मैच आसान नहीं होंगे क्योंकि भारत की वरीयता 07 है जबकि उसे बेहतर वरीयता प्राप्त बेल्जियम, आस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना की टीम है। इसलिए भारतीय हाकी टीम के लिए प्रत्येक मुकाबला महत्वपूर्ण है। हाकी में 1986 के बाद नियमों में जो परिवर्तन हुए है उसका सबसे बड़ा लाभ यूरोप के देशों ने उठाया है। तभी तो पहले 12 स्थानों में से सात स्थानों पर यूरोपीय टीम ने जगह बनाई है। फिर भी भारतीय हाकी टीम के लिए 2020 टोक्यों का परिणाम दोहराना एक चुनौती है। हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। खिलाड़ियों द्वारा एक टीम के रूप में अपना प्रदर्शन करने से कायमाबी संभव है।

### बजट देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने वाला: बैज

**रायपुर,23 जुलाई।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बजट को देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि बजट में निम्न, मध्यम वर्ग पर भार डाला गया है। जिसकी आय सिर्फ 25 हजार महीना से 1 रू. भी ज्यादा है। उसे भी इनकम टैक्स देना होगा। यदि 50 हजार रू. भी महीना कमा रहे 5 प्रतिशत टैक्स देना होगा। नये टैक्स स्लेब के अनुसार लगभग पूरे निम्न, मध्यम आय वर्ग से कर वसूला जायेगा। चुनाव में वादा 4 करोड़ मकान बनाने का था लेकिन सिर्फ 1 करोड़ मकान के लिये मात्र 10 लाख करोड़ का प्रावधान किया है। जनता ठगने का काम शुरू हो गया। महंगाई से राहत देने बजट में कोई उपाय नहीं किया गया है। बजट नौकरी पेशा व्यवसायी, कारोबारी सभी निराश है। इधर वित्त मंत्री बजट पढ़ रही थी उधर शेयर मार्केट गिर रहा था। जो 30 लाख नौकरियां केन्द्र सरकार के अधीन खाली है.

**एक नजर**

## हत्या के आरोप में मंगेतर गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जुलाई।** भिलाई नंदिनी थाना क्षेत्र शादी से दो दिन पहले ही युवती की तालाब में डूबने से मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है ( 19 साल ) तेजस्वनी जोशी की हत्या की गई थी हत्या का आरोपी युवती का मंगेतर ही निकला शादी की तैयारी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ तो आरोपी सोनू जोशी पिता संतोष जोशी ने उसे तालाब में डूबा कर मार डाला पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है आरोपी सोनू जोशी को पुलिस ने सीन रि-क्रिएट के लिए घटना स्थल ले गई थी जहां आरोपी ने घटना के बारे में पूरी जानकारी पुलिस को दी घटना 10 जुलाई को ग्राम मेड़ेसरा की है तेजस्वनी जोशी की लाश गांव के ही तालाब में मिली थी जोशी परिवार में मातम छा गया था पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच की नंदिनी टीआई मनीष शर्मा के नेतृत्व में र टीम जांच कर रही थी इसी बीच मृतक तेजस्वनी जोशी के मंगेतर सोनू जोशी का मोबाइल लोकेशन घटना के समय मेड़ेसरा में पाया गया इस पर पुलिस को शक हुआ उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो पहले पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की दोबारा कड़ाई से पूछताछ की गई तो सब उगल दिया आधी रात शादी की तैयारी को लेकर हुआ विवाद आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह 9 व 10 जुलाई की दरम्यानी रात तेजस्वनी से बात कर रहा था और मिलने का टाइम निधर्धारित किया था रात 12 से 1 बजे के बीच उसे तालाब के पास मिलने के लिए बुलाया। बातचीत के दौरान युवती ने उसे कहा कि तुम्हारी शादी की व्यवस्था ठीक नहीं है इस पर आरोपी ने करए कि मेरी जैसी स्थिति है, वैसी ही शादी कर रहा हूं इसी बात पर दोनों में विवाद हो गया आरोपी सोनू जोशी ने युवती को पकड़कर तालाब में डुबो दिया और सांस रुकते तक डुबोये रखा। फिर जुलाई की रात में फिर मेडेसरा तालाब जाकर युवती के मोबाइल को फेंका और वापस अपने घर आ गया पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कियानंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि मामले की गंभीरता को समझते हुए हर दिशा से जांच की जा रही थी सीडीआर लोकेशन के आधार पर आरोपी तक पहुंचा गया और युवक को घर से हिरासत में लिया गया मामले में युवक से और पूछताछ की जा रही है।

## फरार डायरेक्टरों की गिरफ्तारी के निर्देश



**भिलाई, 23 जुलाई।** भिलाई।दुर्ग रेंज के आईजी राम गोपाल गर्ग ने सोमवार को पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर इसकी जांच को फिर से शुरू करने के संबंध में दिशा निर्देश दिए उन्होंने कंपनियों के फरार डायरेक्टर की गिरफ्तारी और कंपनियों की चल-अचलं संपत्ति को चिह्नांकित कर कुर्की कार्रवाई करने के निर्देश दिए बैठक में दुर्ग रेंज के आइजी ने दुर्ग एसपी जितेंद्र शुक्ला और सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरार डायरेक्टरों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए ठोस कदम उठाएं और उनकी संपत्तियों का चिह्नांकन कर कार्रवाई करने की प्रक्रिया को तेज करें जिन प्रकरणों में कुर्की व नीलामी की कार्रवाई शेष है संबंधित से समन्वय स्थापित कर जल्द से जल्द निराकरण करने निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों ने चिटफंड मामलों में हो रही प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की और भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की बैठक में शहर एएसपी सुखनंदन राठौर, ग्रामीण एएसपी वेदव्रत सिरमौर, दुर्ग सीएसपी व प्रशिक्षु आइपीएस चिराग जैन, डीएसपी शिल्पा साहू, एसडीओपी धमधा संजय पुंढीर, पाटन एसडीओपी आशीष बंछोर, छावनी सीएसपी हरीश पाटिल सहित विभिन्न थानों के प्रभारी व विवेचक उपस्थित रहे ।

## घर से जेवरों सहित मोबाइल चोरी

**भिलाई, 23 जुलाई।** भिलाई दुर्गा शीतला मंदिर के पास ग्रीन चौक दुर्ग के एक घर में चोरी की घटना हुई है पीड़ित महिला शनिवार की रात को अपने तीनों बच्चों के साथ खाना खाकर सो गई थी इसी दौरान अज्ञात आरोपित चुपके से घर में घुसा और आलमारी में रखे सोने-चांदी के आभूषण और तीन मोबाइल लेकर फरार हो गया घटना की शिकायत पर मोहन नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ चोरी की धारा के तहत प्राथमिकी कर तलाश कर रही है पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता रीतू तिवारी ने घटना की रिपोर्ट की है पीड़िता रात को अपने बच्चों के साथ घर पर सो गई थी अगली सुबह वह उठी और देखा तो उसे घर का दरवाजा खुला था टेबल पर उसका और उसके बच्चों के तीन मोबाइल रखे थे, जो गायब थे संदेह होने पर उसने आलमारी खोलकर देखा तो उसमें रखे सोने-चांदी के आभूषण और 15 हजार रुपये नकद नहीं थे ।

## पाइप लाइन के कारण कचरा जाम



**भिलाई,23 जुलाई ।** नंदिनी रोड वार्ड 33 तेल्हा नाला के पुल के नीचे पाइपलाइन के कारण कचरा जाम है । सामाजिक कार्यकर्ता राजू गुप्ता ने बताया कि बरसात में कचरा जाम होने से नाला ओवर फ्लो होकर बस्तियों में पनी घुसता है । यहां पर बदबूदार वातावरण हमेशा रहता है वार्ड 40 के नागरिक गणों एवं करुणा हॉस्पिटल नदिनी रोड वासियों को बरसात में बहुत ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है पुल के नीचे पाइप लाइन हटाने के लेकर मोहल्ले वासियों ने नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को कई बार बतलाया था ज्ञापन भी दिया गया है उसके बाद भी ध्यान नहीं दिया गया कुछ वर्ष पूर्व ही इसी पुल से पानी ओवरफ्लो होकर करुणा हॉस्पिटल के पास बस्ती में पानी घुसने से बाढ़ जैसे हालात हो गए थे और एक बच्ची की नालहने से मौत हो गई थी ।

### दिन भर कई कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

# बाबा दरबार में गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 23 जुलाई।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग गुरुपूर्णिमा महोत्सव पर रविवार को श्रदालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटी रही सुबह 10 बजे से गुरु पुजन हवन शान्ति पाठ किया गया फिर 11 बजे से श्रद्धा सुमन मानस परिवार उतई के द्वारा मानस गान , 2 बजे से सिया की राम संगीतमय भजन मंडली खट्टी अभनपुर गायिका मालती निषाद के मन्डली द्वारा भजन कीर्तन गाया गया जिनको सुनकर सभी भक्तगण नाचने एवं झुमने लगे सभी के दिल जीत लिया, तिसरा कनक सिया मानस परिवार कटंगी गन्डई के छोटी सी बालिका 8 वर्षी के द्वारा भजन गाकर सभी भक्तों को मंत्र मुगध कर दिया भोलेनाथ के एवं राम जी के गीत गाकर सुनाया गया एवं गुरु शिष्य के बारे में प्रकाश डाला गया , चतुर्थ ओम आदित्य मानस परिवार संतोष ढ़ीमर विनीता ढ़ीमर ख्याति मंडली के द्वारा रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक कथा रसपान कराया गया एवं गीत से भक्तो के मन को गुद गुदाया गया सभी मंडलीयो के कथा एवं गीत सुनकर सभी भक्तगण झूम उठे एवं इसी बिच मे बहुत से अतिथियों का आगमन हुआ और दरबार के भक्तो के द्वारा श्री फल , शाल एवं मेमोंटो देकर स्वागत किया गया इस आयोजन में एक से बढ़कर एक कलाकारो ने भाग लिया साथ ही साथ लगभग 5000 भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया इस आयोजन में मुख्य रूप से दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा जी , नंद पंडा, राजु यादव, विनोद साहु, गुलाब साहु , मनसुखा साहु , रूपलाई साहु , चंद्रकांत कोसरे , कुंजलाल साहु आदि उपस्थित थे.

## पांगरी स्कूल में गुरु पूर्णिमा, टीएलएम दिवस मनाया



**उतई,23 जुलाई।** पांगरी मे 22-07-02024को छत्तीसगढ़ राज्य शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांगरी के शाला प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व एवं (टीएलएम) दिवस बड़े धूम-धाम से ज़ोर शोर के साथ मनाया गया। मां सरस्वती के पूजन अर्चन पश्चात उद्बोधन में संस्था प्रमुख प्रधान पाठक श्री युवराज सिंह साहू ने गुरु चरणों की सेवा, गुरु के द्वारा दिये गये ज्ञान एवं गुरु के वचनों का जीवन में क्या महत्व है विस्तार से जानकारी देते हुए कहा -ईश्वर के कृपा बिना गुरु नहीं मिलती, गुरु बिना ज्ञान नही मिलती, ज्ञान के बिना जीवन का कोई अस्तित्व नही रह जाता। अतः गुरु ही आत्म कल्याण का मार्ग है जो कि गुरुओं का सम्मान आवश्यक अंग है। उपस्थित गणमान्यों ने गुरु जनों का सम्मान पुष्प हार,गुलाल लगा कर विशेष श्रद्धा भाव से उपहार भेंट करके किए। अवधेश यादव ने कहा गुरु और शिष्य के बीच का संबंध अटूट विश्वास एवं जीवनोपयोगी है गुरु शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। चूड़ामणि नागेश ने कहा गुरु ब्रह्मा विष्णु महेश के स्वरूप होते हैं। बिशन बाई ने गुरु के ज्ञान पर कविता सुनाई।बच्चों में गुरु के प्रति सम्मान का संस्कार जागृत हुआ तथा ध्यान पूर्वक गुरु महिमा को सुना । संचालन करते शिक्षक घनश्याम साहू ने गुरु गोविंद सिंह के बारे मे बताया। साथ ही शिक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षण अधिग सामग्री ञरूरू का प्रदर्शन किया गया।प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाला समिति अध्यक्ष अवधेश यादव,अध्यक्षता चुड़ामणी नागेश विषेश अतिथि कुशलदास ,बिशनबाई, फुलेश्वरी, शिक्षक घनश्याम साहू,शिक्षिका सुप्रिया चंद्राकर, दिनेश यादव,सावित्री मोर्य कुलेश्वरी निषाद, विद्यार्थी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# उपमुख्यमंत्री ने बुढ़ा महादेव और भोरमदेव मंदिर में पूजा-अर्चना की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,23 जुलाई।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पुरातत्व, पर्यटन, जनआस्था के केन्द्र एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल बाबा भोरमदेव मंदिर के लिए पदयात्रा में भारी उत्साह और उमंग के साथ उपमुख्यमंत्री पहले प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भोरमदेव बाबा और पंचमुखी बुढ़ा महादेव की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों ने हर-हर महादेव, बोल-बंम के जयघोष के साथ भगवा ध्वज हाथों में लिए लगभग 18 किलोमीटर श्रद्धालुओं का भोरमदेव पदयात्रा का शुभारंभ किया। पदयात्रा शुभारंभ होने से पहले कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, वन मंडलाधिकारी श्री शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओं श्री संदीप कुमार अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पंचमुखी बुढ़ा महादेव की विधिवत पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किए। इस पदयात्रा में पूर्व संसदीय सचिव डॉ. सियाराम साहू, पूर्व विधायक मोतिराम चंद्रवंशी, पूर्व विधायक अशोक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष श्री मनहरण कौशिक, कवर्धा जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी दिनेश चंद्रवंशी, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, श्रीकांत उपाध्याय, मनीराम साहू सहित जनप्रतिनिधि जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, समाज सेवी संगठन, स्वामी विवेकानंद एकेडमी, स्कूली बच्चों से लेकर आमजन हजारों की संख्या में महिला-पुरूष व बच्चें श्रद्धालु के रूप में स्वस्फूर्त शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि पूरे प्रदेश में समग्र कबीरधाम जिला का एक अध्यात्म, पुरात्व व पर्यटन की दृष्टि से एक अलग पहचान है। आज श्रावण मास के प्रथम सोमवार को आयोजित इस पदयात्रा में जिले के सभी गणमान्य नागरिकों, जनप्रनिधियों से लेकर समाज सेवी संगठनों और आमजनों में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। इस पदयात्रा को लेकर पूरे जिले भर में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। उन्होंने पूरे जिले वासियां को श्रावण मास की बधाई और शुभकामनाएं भी दी है।

### पदयात्रियों का जगह-जगह पुष्प गुच्छ भेंट व तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया

भोरमदेव पदयात्रा को लेकर कवर्धा से भोरमदेव मंदिर पूरे 18 किलोमीटर तक पदयात्रा में दोगुनी उत्साह और उमंग देखने को मिला। जिले के विभिन्न संगठनों से लेकर अलग-अलग समाजिक संगठनों, ग्रामीणों ने पदयात्रा में शामिल जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों का पुष्प गुच्छ, माला भेंट कर व तिलक लगाकर स्वागत और अभिनंदन किया। ग्राम पंचायतों के पंच-सरपंच के आलावा वन विभाग, इंजिनियर एसेसिएशन संघ, जिला प्रेस क्लब, पशुधन विकास विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आबकारी विभाग, विद्युत विभाग, ज्वाईन हैण्डस और परिवहन विभाग ने अलग-अलग स्थानों में स्टॉल लगाकर श्रद्धालु, पदयात्रियों कांवरियों के लिए चाय, कॉफी, नास्ता, जूस, शरबत, नीबू पानी, खीर-पूडी और फल वितरण किया।

## बीएसपी को यूएनआईडीओ ने संचालन के लिए सौंपा डी-क्लोरीनेशन प्लांट

**भिलाई, 23 जुलाई।** पीसीबी तेल विघटन संयंत्र एक अत्याधुनिक सुविधा है, जिसे संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआईडीओ) और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) के सहायता से स्थापित किया गया है। इसके निर्माण हेतु जमीन, भवन, क्रेन, बिजली, पानी आदि जैसे बुनियादी ढांचे भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा प्रदान किये गए हैं। विगत दिनों 12 जुलाई, 2024 को यूएनआईडीओ ने, डी-क्लोरीनेशन प्लांट के संचालन की जिम्मेदारी भिलाई इस्पात संयंत्र को सौंपी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ एंड सीसी) इस परियोजना का राष्ट्रीय निष्पादन भागीदार है। भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) इस परियोजना का प्रमुख लाभार्थी है।डी-क्लोरीनेशन प्रक्रिया, उच्च स्तर और निम्न स्तर पीसीबी दूषित खनिज तेल से क्लोरीन परमाणुओं को निकालने के लिए स्थापित की गई है।

# भोरमदेव अभयारण्य में 28 और 29 सितंबर को तितली सर्वे का आयोजन




**कवर्धा, 23 जुलाई।** जून 2024 में भोरमदेव अभ्यारण्य अंतर्गत पहली बार बर्ड सर्वे का आयोजन किया गया था जिसमें पूरे देश के विभिन्न राज्यों से प्रतिभागी उपस्थित हुए थे उन सभी के द्वारा आयोजित बर्ड सर्वे की सराहना की गई। जिससे उत्साहित होकर भोरमदेव अभयारण्य की टीम द्वारा सितंबर माह में 28 से 29 सितंबर तक तितली सर्वे का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि वर्षा ऋतु के प्रारंभ होने के उपरांत भोरमदेव अभ्यारण्य तितलियों के संसार के रूप में वर्णित हो जाता है और यहां भरपूर मात्रा में तितलियां हेतु आवश्यक नेक्टर एवं होस्ट पौधे उपलब्ध हैं जो उनके जीवन चक्र हेतु महत्वपूर्ण योगदान प्रदान करते हैं। अभयारण्य अंतर्गत 120 से अधिक प्रजाति की तितलियां पाई जाती हैं जिनमें कॉमन क्रो, ब्लू श्क्ष्ठुह्य4, घ्ह्वद्बश्ठु श्क्ष्ठुह्य4, स्र्श्वह्वद्धश्ठु, लेपर्ड आदि आज प्रजाति की तितलियां पाई जाती हैं। भोरमदेव अभ्यारण ने अंतर्गत दुर्लभ ऑरेंज ऑक्लिप्स पाई जाती है। जिससे आकर्षित होकर कई तितली प्रेमी भोरमदेव अभ्यारण्य इस तितली की फोटोग्राफी हेतु आते रहते हैं।तितली सर्वे में भाग लेने हेतु वन विभाग द्वारा प्रकाशित लिंक या त्क्रकोड स्कैन कर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। शारीरिक रूप से फिट वयस्क व्यक्ति जो कि तितली प्रेमी हैं और तितलियों को पहचानने का अनुभव रखते हैं रजिस्टर कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 अगस्त है। प्राप्त आवेदनों पर भोरमदेव की चयन समिति द्वारा अंतिम प्रतिभागियों का चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों द्वारा 2000 रुपए शुल्क अदा करना होगा।

**पोधारोपण**



**एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भोरमदेव पदयात्रा के दौरान किया गया पौधरोपण**

**कवर्धा।** भोरमदेव पदयात्रा के दौरान ग्राम छपरी के समीप राज्य शासन के अभियान एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे सहित जनप्रतिनिधयों ने पौधरोपण किया।

# कुर्मी समाज की बैठक में खूबचंद बघेल जयंती मनाने का निर्णय



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पाटन, 23 जुलाई।** छ. ग.म.कुर्मी क्षत्रिय समाज पाटन राज कार्यकारिणी की बैठक रविवार को कुर्मी भवन पाटन में युगल किशोर आडिल राजप्रधान पाटन राज की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के महापुरुषों डॉ. खूबचंद बघेल, स्वामी आत्मानंद जी महराज एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के छायाचित्रों पर माल्यार्पण करने के पश्चात समाज के दिवंगत आत्माओं में क्रमशः स्व. चोवाराम वर्मा केन्द्रीय अध्यक्ष छ. ग.म.कु.क्ष.समाज, स्व.योगेश कश्यप, बिसौहा राम कश्यप अखरा, लता वर्मा कुर्मिगुंडरा, शकुन वर्मा बरबसपुर, सुखनंदन वर्मा मर्रा सहित अज्ञात ब्रम्हलीन आत्माओ को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात राजप्रधान के द्वारा केन्द्र के निर्देशों को बैठक में उपस्थित स्वजतियो को अवगत कराया जिसमें विवाह योग्य युवक युवतियों का बायोडाटा संकलन करने जिसे समाज द्वारा प्रकाशित परिणय पुष्प में प्रकाशित किया जा सके। साथ ही प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं जो मैरिट में 10वीं 12वीं में 80 प्रतिशत एवं स्नातक स्नातकोत्तर में 70 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण किया हो वो छात्रवृत्ति प्रभारी के पास अपना आवेदन निर्धारित तिथि के अंदर जमा कर सकते हैं। उसके बाद प्रकरण की कार्यवाही शुरू किया गया राजमंत्री केदार कश्यप ने बताया कि राजकार्यकरिणी को जो आवेदन प्राप्त हुआ है। उस प्रकरण पर आवेदक एवं अनावेदक के बयान उपरांत निर्णय देकर प्रकरणों का निपटारा किया गया। एक प्रकरण पर अनावेदक की अनुपस्थिति के कारण उक्त प्रकरण की सुनवाई नहीं हो सका। पाटन राजकार्यकरिणी के द्वारा 28 जुलाई को डॉ. खूबचंद बघेल जयंती मनाये जाने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव लिया गया। तथा मंचीय कार्यक्रम के लिए अतिथियो का चयन किया गया। जिसमें-मुख्य अतिथि भूपेश बघेल पूर्व मुख्यमंत्री एवं मुख्य संरक्षक छ. ग.म.कु.समाज, अध्यक्षता- युगल किशोर आडिल राजप्रधान पाटन राज,अतिविशिष्ट अतिथि- विजय बघेल, सांसद दुर्ग एवं संरक्षक छ.ग. म.कु.क्ष.समाज, विशेष अतिथि- सीताराम वर्मा, पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष छ. ग.म.कु.समाज, जितेन्द्र वर्मा, अध्यक्ष जिला भाजपा दुर्ग, भूपेन्द्र कश्यप, अध्यक्ष नगर पंचायत पाटन, को अतिथि बनाये जाने हेतु सामाजिक पदाधिकारियों द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

बैठक में विशेष रुप से संरक्षक शंकर बघेल, राजप्रधान युगल किशोर आडिल, राजमंत्री केदार कश्यप, कोषाध्यक्ष नीलमणी वर्मा, महिला अध्यक्ष रंजन वर्मा, बिष्णु वर्मा, पुरेन्द्र वर्मा,डूमन वर्मा,अरविन्द वर्मा, शंकर वर्मा, बिरेन्द्र बंछोर, नरेन्द्र नायक, शिव वर्मा, झालाराम वर्मा, सुषमा वर्मा, रानी बंछोर, बीरेन्द्र वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, सुनील वर्मा, पुष्पा वर्मा, प्रेमनारायण वर्मा,राजेश्वरी वर्मा, हिरेन्द्र वर्मा,उदयकरण वर्मा, हेमनाथ कश्यप, नागेन्द्र वर्मा सहित अन्य स्वजातीय उपस्थित रहे।

# कोयला चोरी आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 23 जुलाई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र एसीसी मिलावटी कोयला आपूर्ति करने वाले एक गिरोह का पुलिस ने राजफाश किया है कोरबा के दीपका खदान से अच्छी क्वालिटी के कोयले को बिलासपुर के सरगांव के एक डिपो में खाली कर वहां से मिलावटी कोयला लोडकर कंपनी में पहुंचाया जा रहा था इसकी शिकायत के बाद पुलिस ने प्राथमिकी की और मामले की जांच शुरू की तो पूरी सच्चाई सामने आई पुलिस ने इस कांड में शामिल तीन ड्राइवरों को गिरफ्तार किया है वहीं दो ट्रक मालिक फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है जामुल टीआई कपिल देव पांडेय ने बताया कि एसीसी कंपनी जामुल के प्रबंधक सुदीप्ता मंडल की शिकायत पर कंपनी में मिलावटी कोयला सप्लाई करने वालों के खिलाफ एफआइआर की गई थी। शिकायत में बताया गया था. कि तीन ट्रक सीजी 10 बीएस 8330, सीजी-11 एबी 7704 और सीजी-04 एलआर-7645 से कंपनी में मिलावटी कोयला लाया गया है इस पर पुलिस ने तीनों ट्रक के चालंक लव कुमार साहू (29 साल ) निवासी नवागांव मोहदा बिलासपुर, रूपेश कुमार साहू (21साल ) निवासी नवागांव बिलासपुर और राजेंद्र (29 साल ) निवासी पतो झलफा हिरीं बिलासपुर को हिरासत में लेकर पूछताछ की। तीनों आरोपितों ने पुलिस को बताया कि वे लोग कोरबा की दीपका खदान से अच्छी क्वालिटी का कोयला लोड करते थे और ट्रक मालिक जगदीश साहू व कैलाश साहू के कहने पर अच्छी क्वालिटी के कोयला के सरगांव के एक डिपो में खाली कर देते थे वहां से वे लोग खराब क्वालिटी का कोयला लोड कर भिलाई आते थे और एसीसी में उसे खाली करते थे आरोपितों द्वारा अपना अपराध स्वीकार किए जाने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार किया वहीं इस घटना में शामिल दोनों ट्रक मालिक जगदीश साहू और कैलाश साहू फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है

एक नजर

## अवैध शराब बिक्री पर डोंगरगढ़ पुलिस ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 23 जुलाई।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग एवं अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा व एसडीओपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गस्त-पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी कड़ी में आज दिनांक- 22.07.2024 को अवैध शराब बिक्री की सूचना पर आरोपी विनय मिश्रा पिता रमाकांत मिश्रा उम्र- 25 साल साकिन दंतेश्वरी पारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ को अपने घर के सामने हाल में अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी से 12 पौवा देशी प्लेन शराब कुल मात्रा- 2.160 बल्क लीटर किमती- 1080/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है इसी प्रकार आरोपी श्रवण यादव पिता ईतवारी यादव उम्र- 22 साल साकिन बुधवारी पारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ को ग्राम राका प्रवेश द्वार के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुये पकड़कर आरोपी के कब्जे से 15 पौवा रोमियो देशी प्लेन शराब एवं 05 पौवा सुप्रिमो डिलक्स व्हीस्की अंग्रेजी शराब कुल मात्रा- 3.600 बल्की कुल किमती- 2000/-रू0 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा, प्र0आर0 आरक्षक अजीत टोप्पो, अखिल अंबादे, आरक्षक चन्द्रप्रताप सिंह, हरदयाल कंवर का विशेष योगदान रहा है।

## जिले में अब तक औसत 429.9 मिमी वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव 23 जुलाई।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 429.9 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 20.5 मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 50.7 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 9 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 7.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 50.7 मिमी, घुमका तहसील में 23.5 मिमी, छुरिया तहसील में 23.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 11.4 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 18 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए 26 जुलाई तक पंजीयन

**राजनांदगांव 23 जुलाई ।** जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत जिले के बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कोर्स में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण 3 से 4 माह का होगा एवं दिग्विजय स्टेडियम कक्ष भदौरिया चौक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण अंतर्गत घरेलू आईटी हेल्पडेस्क अटेंडेंट, सहायक इलेक्ट्रीशियन, मेसन जनरल, सोलर पीवी इंस्टॉलर (सूर्यमित्र) सहित अन्य कोर्स में प्रशिक्षण दिया जाएगा। निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए इच्छुक हितग्राही 26 जुलाई 2024 तक अपना पंजीयन जिला कौशल विकास प्राधिकरण संयुक्त कार्यालय के सामने कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में अपना पंजीयन करा सकते है।

## श्री राम वाटिका में शिव मंदिर के लिए हुआ भूमिपूजन



**राजनांदगांव , 23 जुलाई ।** न्यू खंडेलवाल कॉलोनी , ममता नगर वार्ड क्रमांक 18 में निर्मित गार्डन , श्री राम वाटिका में शिव मंदिर निर्माण हेतु आज भूमि पूजन संपन्न हुआ । श्रावण मास के प्रथम सोमवार को पार्षद श्री पिल्ले ने मंदिर निर्माण का संकल्प लिया । वार्ड क्रमांक 18 न्यू खंडेलवाल कॉलोनी , ममता नगर वासियों को जल्द ही भोले भंडारी का मंदिर परिवार सहित मिलने जा रहा है । इस हेतु वार्ड पार्षद संतोष पिल्ले ने आज शुभ मुहूर्त में वार्ड वासियों के साथ भूमि पूजन किया । पार्षद श्री पिल्ले ने कहा कि यथा संभव मंदिर का निर्माण श्रावण मास में पूरा करने का प्रयास किया जाएगा । भूमि पूजन में शामिल श्रद्धालु महिलाओं एवं पुरषों ने हर - हर महादेव के जयकारे के साथ मंदिर निर्माण के लिए संकल्पित पार्षद का धन्यवाद किया ।

## महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य ने नीम का पौधा रोपकर हरियाली का संदेश दिया

**राजनंदगांव 23 जुलाई।** श्री आनंद कृष्ण धाम हरिद्वार के परमाध्यक्ष , महामंडलेश्वर स्वामी आनंद चैतन्य सरस्वती जी महाराज का नगर आगमन गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर हुआ । वृक्ष गंगा अभियान समिति के द्वारा किए जा रहे पौधारोपण अभियान में पूज्य स्वामी महाराज शामिल हुए । केसर नगर के मुख्य मार्ग में नीम का पौधा रोककर स्वामी जी ने आम जनों को हरियाली का संदेश देते हुए वृक्षों की महत्ता एवं वर्तमान समय में वृक्षारोपण अभियान की आवश्यकता पर अपने संबोधन से हरिहर छत्तीसगढ़ का संदेश दिया ।



# ग्रामीणों को मिली राशन दुकान की सौगात

## सबका साथ सबका विकास ही भाजपा का मूल मंत्र है: रवि अग्रवाल

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 23 जुलाई।** लोकसभा चुनाव में विकासखंड के विभिन्न पोलिंग बूथ सेंटर जहां भाजपा चुनाव में लगातार पिछड़ते आ रही थी,उन मतदान केंद्रों की जिम्मेदारी निभाने वाले वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल ने कहा है कि भाजपा का मूल मंत्र रहा है सबका साथ सबका विकास। उसी तर्ज पर प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री और मुख्यमंत्री से लेकर पोलिंग बूथ के छोटे से छोटे कार्यकर्ता भी कार्य करते आ रहे हैं। यही कारण है कि प्रदेश की जनता ने फिर से भाजपा को सेवा करने का मौका दिया। भाजपा कार्यकर्ता लगातार ग्रामीणों की समस्या के समाधान के लिए प्रयास करते आ रहे हैं। जिसका परिणाम सामने आने लगा है। लोकसभा चुनाव में विकासखंड के ग्राम छपारा के ग्रामीणों से राशन दुकान की स्वीकृति हेतु किया गया वादा पूरा किया गया। इस महत्व पूर्ण जनहित के काम के लिए प्रदेश के भाजपा महामंत्री पूर्व विधायक श्री रामजी भारती ने एक सकारात्मक पहल की।

ग्राम छपारा में राशन दुकान की स्वीकृति के लिए ग्रामीण विगत अनेक वर्षो से प्रयास कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना था की 146 राशन कार्ड धारी होने के बावजूद प्रशासन पृथक से राशन दुकान की स्वीकृति नहीं दे रहा है। जिसके कारण ग्रामीणों को अधिक दूरी में जाकर राशन लेना पड़ रहा है। जिसे संज्ञान में लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा नेता जनपद के वरिष्ठ सदस्य रवि अग्रवाल ने ग्रामीणों से वादा किया था कि गांव में यदि भाजपा को सौ से अधिक वोटो की लीड मिलेगी तो उनकी सुविधा को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। लगातार पीछे रही भाजपा को ग्राम छपारा व अन्य पोलिंग बूथ सेंटर धुसेरा,जटकंहार, संडी जैसे बूथ जहा चुनावी इतिहास में कभी बढ़त नही मिली परंतु रवि अग्रवाल और भाजपा के सभी ग्रामीण कार्यकर्ता एकजुट होकर बढ़त दिलाने में सफल हुए। भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे को ग्राम छपारा से 135 वोटो की लीड मिली थी। ग्राम मक्का टोला के प्रधान हेमलाल वर्मा ने बताया कि,इसी प्रकार ग्राम मक्का टोला के आश्रित ग्राम हीरापुर में भी पृथक से राशन दुकान की स्वीकृति नहीं होने से ग्रामीणों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जिसकी स्वीकृति भी प्रशासन द्वारा दे दी गई है।



कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव(छ.ग)

//आदेश//

क्र./1706 /अ.वि.अ./खाद्य-पी.डी.एस./2024 डोंगरगढ़ दिनांक 15/07/2024

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत ग्राम पंचायत मक्काटोला में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई डी 422004025, का संचालन जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह कोटनापानी संस्था द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मक्काटोला के आश्रित ग्राम हीरापुर के 124 राशनकार्ड धारियों के खाद्यान्न का भंडारण माह अगस्त 2024 से आगामी आदेश तक ग्राम हीरापुर के मंगल भवन में किया जायेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) विकासखंड-डोंगरगढ़ (छ.ग)

पृ.क्र./1706 /अ.वि.अ./खाद्य-पी.डी.एस./2024 डोंगरगढ़ दिनांक 15/07/2024

प्रतिलिपि:-

1. कलेक्टर (खाद्य शाखा) राजनांदगांव को सूचनार्थ प्रेषित।
2. जिला प्रबंधक, नागरिक आपूर्ति निगम, राजनांदगांव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत डोंगरगढ़ को सूचनार्थ।
4. सहायक खाद्य अधिकारी/खाद्य निरीक्षक डोंगरगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. सरपंच सचिव ग्राम पंचायत मक्काटोला को सूचनार्थ।
6. अध्यक्ष/ जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह कोटनापानी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) विकासखंड- डोंगरगढ़ (छ.ग)

जनपद सदस्य रवि अग्रवाल के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष राशन दुकान की स्वीकृति का प्रस्ताव दिया था। जिसे स्वीकार करते हुए स्थानीय प्रशासन ने ग्राम छपारा में राशन दुकान की स्वीकृति प्रदान की है। शासन द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि,छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत ग्राम पंचायत सलौनी में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई डी 422004017, का संचालन सुमन मा बम्लेश्वरी स्व सहायता समूह सलीनी संस्था द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सलौनी के आश्रित ग्राम छपारा के 146 राशनकार्ड धारियों के खाद्यान्न का भंडारण माह अगस्त 2024 से आगामी आदेश तक ग्राम छपारा के महिला भवन में किया जायेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसके अलावा ग्राम मक्का टोला के आश्रित ग्राम हीरापुर में राशन दुकान की स्वीकृति के लिए प्रशासन द्वारा जारी किए गए पत्र में कहा गया है कि,छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश 2016 के अंतर्गत ग्राम पंचायत मवकाटोला में शासकीय उचित मूल्य दुकान आई डी 422004025, का संचालन जय मां लक्ष्मी स्व सहायता समूह कोटनापानी संस्था द्वारा किया जा रहा है। ग्राम पंचायत मक्काटोला के आश्रित ग्राम हीरापुर के 124 राशनकार्ड धारियों के खाद्यान्न का भंडारण माह अगस्त 2024 से आगामी आदेश तक ग्राम हीरापुर के मंगल भवन में किया जायेगा।यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

# आयुक्त ने बाढ़ नियंत्रण के लिये टीम गठित की

## 24 घंटे के लिये अमले की तैनाती,कंट्रोल रूम टांकाघर में

**राजनांदगांव 22 जुलाई।** निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये निगम अधिकारियो एवं कर्मचारियों को विभिन्न दायित्व सौंपा है। निगम आयुक्त ने उक्त नियंत्रण कार्य के लिये तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगायी है और निगम का अमला अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये 24 घंटे रोकथाम के उपाय,पानी भराव को रोकने सहित प्रभावितो के आवास की व्यवस्था का कार्य करेगा।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को नोडल अधिकारी वार्ड नं. 1 से 30 तक व प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव वार्ड नं. 31 से 51 तक एवं सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है तथा सफाई के लिये स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा को प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी का दायित्व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव व प्र.स्वच्छता निरीक्षक श्री भूषण मेश्राम को सौपा गया है। इसके अलावा प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम व सुश्री पिंकी खाती एवं उप अभियंताओं को शिफ्ट प्रभारी बनाया गया है, इनके सहयोगी के लिये कर्मचारियों को भी दायित्व सौंपा गया है। जो तीनों शिफ्ट में प्रातः 8 बजे से शाम 4 बजे तक, शाम 4 से रात्रि 12 बजे तक व रात्रि 12 बजे से सुबह 8 बजे तक कार्य करेंगे।

निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि वर्षा ऋतु में पानी भरने वाले स्थानो की सूची बनाने तथा रोकथाम के उपाय एवं सुझाव के लिये स्वास्थ्य अधिकारी श्री राजेश मिश्रा व स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव को जवाबदारी दी गयी है। वही लेबर व्यवस्था व रेत की बोरियों की व्यवस्था का दायित्व उप अभियंता श्री डागेश्वर कर्ष व श्री युगराज कोमरे व मोहारा फिल्टर प्लांट के श्री लक्ष्मीकांत देवांगन को सौंपा गया है। इसी प्रकार रैनकोट,गैती,फावड़ा तगाड़ी आदि की व्यवस्था किये जाने के लिये समयपाल श्री योगेश पदमाकर व श्री चिराग मेश्राम एवं विद्युत व्यवस्था के लिये सहायक अभियंता श्री प्रणय मेश्राम को निर्देश दिये गये है। आकस्मिक वाहन व्यवस्था हेतु मोटर विभाग के श्री सुरेन्द्र साव व स्कूल में ठहरने की व्यवस्था के लिए राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षकों की ड्यूटी लगयी गयी है। निगम आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि मोटर प्रतिपालन विभाग को बाढ़ नियंत्रण हेतु कंट्रोल रूम बनाया गया है और इसमें फोन नं. 07744-296001 में शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये भी सूचना दी जा सकेगी। कंट्रोल रूम का प्रभारी श्री किशन गावरे लाईनमेन को बनाया गया है। श्री गावरे को निर्देशित किया गया है कि शहर में अतिवृष्टि एवं बाढ़ नियंत्रण के लिये सूचना प्राप्त होते ही यथा समय अपने उच्च अधिकारियों को सूचित करेंगे तथा इस संबंध में एक पंजी का संधारण करेंगें।

# जिला जेल में नवा बिहान' कार्यक्रम के तहत दस दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 जुलाई।** उदघाटन समारोह में श्री दीपक कुमार झा पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज, श्री संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगाँव, श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगाँव, श्री अक्षय सिंह राजपूत जेल अधीक्षक राजनांदगाँव, श्री ललित भंसाली अध्यक्ष ज़िला शतरंज संघ राजनांदगाँव, श्री योगेश डाकलिया सचिव जिला शतरंज संघ राजनांदगाँव एवं ज़िला शतरंज संघ से श्री प्रशांत गुप्ता, श्री ऋषभ नाहाटा, मुख्य प्रशिक्षक श्री प्रकाश शर्मा, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर हुए शामिल।

आज दिनांक 22.07.2024 को ''नवा बिहान'' के तहत् जिला जेल राजनांदगांव में दिनांक 22.07.2024 से 31.07.2024 तक 10 दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण सिविर 2024 का प्रारंभ जिला शतरंज संघ राजनांदगांव एवं जिला जेल के सहयोग से किया गया। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के पहल पर ''नवा बिहान'' मिशन की शुरूआत दिनांक 21.01.2024 से जिला राजनांदगांव में प्रारंभ की गई थी जो लगातार अभियान के रूप में जारी है। नवा बिहान का लक्ष्य कैरियर गाइडेंस, नशामुक्ति के जागरूकता, खेलकूद एवं अन्य आयोजन है। ''नवा बिहान'' अभियान के अंतर्गत युवाओं को कैरियर गाइडेंस, जन जागरूकता, खेलकूद, मार्शल ऑर्ट, महिलाओं के सुरक्षा, अग्निवीर एवं आरक्षक भर्ती का प्रशिक्षण देना व अन्य कार्यक्रम का आयोजन समय-समय पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में विभिन्न संस्थानों के सहयोग से मेरोथोन, वॉकेथोन, कबड्डी प्रतियोगिता आदि विभिन्न खेलकूद के माध्यम से किया जाता रहा है। इसी ''नवा बिहान'' अभियान के तहत् 10 दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण सिविर का आयोजन जेल के कैदियों के लिए किया गया है। जिससे आरोपियों व अपराधियों में खेल की तरफ रूचि बढ़े और अपराध की ओर से कैदियों का ध्यान हटे। यह पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग का एक अभिनव पहल है जो जिला शतरंज संघ राजनांदगांव एवं जिला जेल राजनांदगांव के सहयोग से किया जा रहा है। आज ''नवा बिहान'' कार्यक्रम के तहत् शतरंज प्रशिक्षण शिविर 2024 के उदघाटन समारोह में श्री दीपक कुमार झा पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगाँव रेंज, श्री संजय अग्रवाल कलेक्टर राजनांदगाँव, श्री मोहित गर्ग पुलिस अधीक्षक राजनांदगाँव, श्री अक्षय सिंह राजपूत जेल अधीक्षक राजनांदगाँव, श्री ललित भंसाली अध्यक्ष ज़िला शतरंज संघ राजनांदगाँव, श्री योगेश डाकलिया सचिव जिला शतरंज संघ राजनांदगांव एवं ज़िला शतरंज संघ से श्री प्रशांत गुप्ता, श्री ऋषभ नाहाटा, मुख्य प्रशिक्षक श्री प्रकाश शर्मा, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर शामिलित हुए, इस दौरान जिला जेल राजनांदगांव के अधिकारी/कर्मचारीगण तथा जेल के कैदी उपस्थित रहे।



## 28 वर्षो से फरार शातिर बदमाश चढ़ा चिखली पुलिस के हत्थे

**राजनांदगांव 23 जुलाई।** श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में माननीय न्यायालयो से गिरफ्तारी वारंट/स्थायी वारंट व फरार आरोपी की पातासाजी हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् शातिर बदमाश राकेश कामड़े पिता शंकरलाल कामड़े जाति महार उम्र उम्र 53 साल साकिन गौरीनगर ओपी चिखली जिला राजनांदगांव वर्तमान गड्डी गोदाम नागपुर (महाराष्ट्र) जो 1996-97 से जिले से अपराध करने के बाद फरार हो गया था आरोपी के विरूद्ध फरारी पर चालान पेश करने पर माननीय न्यायालय राजनांदगांव व जिला दुर्ग से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था । शातिर आरोपी हत्या का प्रयास, लूट, मारपीट, आर्मस् एक्ट जैसे गंभीर धारा के अपराध कर फरार हो गया था, जिसे लगातार पता तलाश कर पकड़ा गया। आरोपी स्थाई वारंट 2 किता तामील कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही मे चौकी चिखली प्रभारी उप निरी. नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, आर. सिन्धु सिन्हा,महिला आरक्षक सुल्ताना खान का महत्वपुर्ण एवं सराहनीय भुमिका रही है।



समाचार संक्षेप

## चोरी के मामले में थाना बसंतपुर पुलिस ने किया आरोपी को गिरफ्तार




**राजनांदगांव 23 जुलाई।** प्रार्थी मनदीप सिंग के द्वारा दिनांक 20-07-2024 को रिपोर्ट दर्जकराया कि इसके निवास स्थान नीलगिरी पार्क राजनांदगांव टी0व्ही0एस0 शो रूम के पास पार्किंग से फारचुनर कार क्रमांक छ्त्र 08,च 0011 को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ थाना बसंतपुर के अपराध क्रमांक 333/2024 धारा 303 (2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया । मामले की गंभीरता को देखते हुए एवं शहर में नकबजनी एवं वाहन चोरी की रोकथाम के लिए श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शर्मा, श्रीमान नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनांदगांव के द्वारा एक टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश पर थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक देवादास भारती के नेतृत्व में टीम गठित कर लगातार सोमनी, दुर्ग हाईवे के किनारे लगे सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन करने पर आरोपी को धमतरी की ओर भागना पाया गया बाद लगातार आरोपी का पीछा करते धमतरी जगतारा टोल प्लाजा के सीसीटीव्ही फुटेज का अवलोकन किया जिसमें आरोपी के द्वारा कार को कांकेर की ओर जाना पाया गया बाद आरोपी की लगातार कांकेर, केशकाल, कोंडागांव पता तलाश किया गया । इसी दौरान सूचना मिला कि अज्ञात आरोपी के द्वारा चोरी के कार को नया बस स्टेंड शराब दुकान के पास छुपा कर रखा है कि सूचना पर चोरी गये वाहन को जप्त किया गया वाहन की तलाशी के दौरान आरोपी ओमप्रकाश देवांगन के मोबाईल, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाईसेंस बरामद किया गया बाद आरोपी की पता तलाश की गई बाद ओमप्रकाश देवांगन से पुछताछ किया गया, जो अपने साथी गोविंद सरोज ऊर्फ राहुल के साथ चोरी करना स्वीकार किया । दोनों आरोपी को गिर0 कर वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सत्यनारायण देवांगन, उप निरीक्षक देवादास भारती, आरक्षक पारख साहू, आरक्षक मुंजलाल ठाकुर, आरक्षक मोहसिन खान का विशेष योगदान रहा ।

## पावर कम्पनी के अधिकारी ने पीपल का पौधा लगाकर मनाया जन्मदिन

**राजनांदगांव 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के डोंगरगांव के कार्यपालन अभियंता पीसी साहू ने अपनी माताश्री की याद में अपने जन्मदिन पर कार्यालय परिसर में समस्त स्टाफ की उपस्थिति में पीपल के पौधे का रोपण कर पूजा अर्चना की। पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम विष्णुदेव साय ने भी मां के नाम के एक पेड अभियान की शुरूआत कर प्रदेश के समस्त नागरिको से पौधारोपण की अपील की है। इस अवसर पर श्री साहू ने पीपल के पौधे का वृक्ष बनने तक रखरखाव करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर विभाग के मातहत अधिकारी कर्मचारियो ने भी उनके जन्मदिन की बधाई देते हुए पौधारोपण की तारीफ करते बताया कि हमारे साहब की जितनी तारीफ की जाय कम है। हम सबके सुख दुख मे शामिल होने के साथ डिवीजन की जनता के लिये उन्होने हमेशा आगे बढकर समस्या का निदान करने मे कोई कसर नही छोडी है। उक्त अवसर पर श्री साहू ने मां की याद में पीपल पौधा का रोपण कर बताया कि पीपल ही एक ऐसा वृक्ष होता है जो 24 घंटे प्राण वायु ऑक्सीजन देता है। इस वृक्ष का बड़ा आध्यात्मिक महत्व भी है। इस पेड की जड ,छाया सभी का अपना एक महत्व है।श्रीमद् भागवत गीता सहित अन्य पुराणो मे इसका महत्व है। सनातन धर्म में इसकी पूजा इसी कारण से की जाती है । श्री साहू की पहचान विधुत विभाग मे अच्छे कर्मठ, कुशल अधिकारी के रुप मे रही है और राज्य स्तर पर उन्हे विभागीय पुस्स्कार भी मिल चुका है।उनके इस कार्य को लेकर उनको मोबायल पर इस अच्छे कार्य की प्रशंसा करते हुए डोगरगांव के युवा, राजनीतिज्ञ व अन्य सराहना कर स्वयं पौधारोपण के लिये संकल्प ले रहे है।



# गुरु अमरदास की जयंती पर 34 युवाओं ने किया रक्तदान

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ 23 जुलाई।** ग्राम पंचायत मोहारा (मुढ़ीया) में गुरु पूर्णिमा गुरु अमरदास जयंती के पावन अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन क्षेत्रीय युवा संगठन मोहारा व सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राज. के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे गुरुद्वारा में गुरु वंदना के साथ पूजा आरती कर किया गया द्य और फिर रक्तदान शिविर शाम 4ः30 तक चला। बारिश के मौसम, खेती किसानी का दिन व बार बार बिजली गुल के बावजूद आयोजन को सफल बनाने के लिए 50 से ऊपर लोगों ने रक्तदान जाँच फार्म भरा और उसमें से कुल 34 रक्तदाताओं ने अपना स्वैक्षिक रक्तदान किया। पुरे दिनभर शिविर का माहौल खुशनुमा रहा। आयोजन की शोभा बढ़ाने के लिए प्रमुख अतिथियों में डोंगरगढ़ विधायिका श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती पुष्पा वर्मा,आर. आर.पात्रे विकास खंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव,राजू राजपूत, पंचराम चंदे, युनुस कुरैशी, नरेंद्र सिंह, रघुनाथ वर्मा, दयालु चंदेल, नंद खरे, संतोष वर्मा,आदि शामिल रहे। सभी ने सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन के कार्यो व शिविर में की गई संम्पूर्ण व्यवस्था की जमकर सराहना कर गुरु पूर्णिमा की बधाई देते हुए कहा की इस अवसर पर रक्तदान से बड़ा कोई और दान नहीं हो सकता, फाउंडेशन के हर ऐक कार्यो में साथ देने की बात कही है। कार्यक्रम में सतनाम ब्लड डोनेशन फाउंडेशन राज. के अध्यक्ष संदीप सिरमौर, उपाध्यक्ष रमेश महिलांगे, शंकर बघेल (संरक्षक), रूप कुमार जांगड़े (संयोजक ), संजय कुर्रे (सचिव) टूमन कोसरे, अश्वनी बारले, सुंदरलाल चतुर्वेदी, जितेन्द्र गेन्डरे, सुरेश गेंड्रे,मनहरण देशलहरे , जितेन्द्र खेलवर , ईश्वर जोशी, केवल दास चंदेल, सूरज भारती, अभिषेक पाटिला (शिविर प्रभारी), अमित बंजारे, अमन महिलांगे, रूपेश पाटिला, रोहित चंदेल (रक्त व्यवस्थापक), आकाश बघेल, जसवंत खांडे, युवराज, भजनु चंदेल, भोला गायकवाड़,मोहन जोशी, चिंता मरकंडे, रंजीत भारती भूपेंद्र बघेल, लोचन भारती, मुकेश बघेल, चरण मार्केन्डे,भानु चंद्राकर, रेवा खुटेल मनीष चंद्राकर इत्यादि साथियों सहित बिलासा ब्लड बैंक राज. से जीतेन्द्र साहू सहित पुरी टीम ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई, सभी रक्तवीरो का आभार प्रगट करते हुए फाउंडेशन के संरक्षक शंकर बघेल ने कहा.. हमारे मोहारा क्षेत्र में ये रक्तदान का पहला अवसर है विपरीत मौसम के बावजूद जिस प्रकार का उत्साह, जोश, युवाओं का सहयोग इस शिविर में प्राप्त हुआ।



# महापौर एंव आयुक्त ने शहर का भ्रमण कर पानी भरान क्षेत्रों का लिया जायजा

## नालों के फंसे कचरे को जेसीबी से हटवाया एवं पानी भरान क्षेत्र से पानी को कच्ची नाली खोदकर निकासी के निर्देश दिए

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 जुलाई।** शासन की मंशानुरूप शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालो एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गयी है और वर्तमान में सफाई जारी है। लगातार बारिश होने पर कल शाम रविवार को महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख एवं आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता पानी भरान क्षेत्रों में कैलाश नगर, गंज चौक, जनता कालोनी, नंदई, इंदिरा नगर सहित शहर में भ्रमण किये एवं शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्र के नाली नालों की सफाई का निरीक्षण कर जेसीबी से नालो में फसे कचरे निकलवा पानी भरान क्षेत्र से कच्ची नाली खोद कर पानी निकासी करवाए।



महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता रविवार शाम को अत्यधिक बारिश होने पर शहर के आंतरिक एवं बाह्य क्षेत्रों में पानी भरान की स्थिति का जायजा लिया और पानी भरे क्षेत्रों से जेसीबी के माध्यम से तथा निगम अमला से पानी निकासी कराये। उन्होंने कैलाश नगर में पानी भरने पर नाला के उपर कलवट तोडकर पानी निकासी कराने कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके को निर्देशित किये, वही इंदिरा नगर के नाला व नाली में कचरा फसने पर जेसीबी के माध्यम से नाले में फसे कचरे को निकलवाकर सफाई कराए तथा पानी भरे स्थलो से कच्ची नाली खोद कर निकासी कराया। उन्होंने कहा कि निचली बस्तीयों में अल्प वर्षा में पानी भरान की स्थिति निर्मित हो जाती है, अतः ऐसे क्षेत्रों में नियमित रूप से नाली नालो की सफाई कराए तथा शहर के बड़े नाला व नालियो की अच्छे तरीके से सफाई करे, जिससे पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। महापौर श्रीमती देशमुख एवं आयुक्त श्री गुप्ता ने कहा कि गढ्डो में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी कराया जाये। सभी वार्डो में नियमित रूप से साफ सफाई कर कचरा उठाया जाये। सफाई दरोगा एवं वार्ड प्रभारी अपने अपने प्रभारित वार्ड में पानी भरान क्षेत्र को चिन्हांकित कर उच्च अधिकारी को अवगत कराये, जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके। इस अवसर पर जिला योजना समिति के सदस्य श्री अमिन हुद्दा, उप अभियंता श्री अनिमेष चंद्राकर,श्री तिलक राज ध्रुव व श्री अनुप पाण्डे तथा निगम का अमला उपस्थित था।

## संपादकीय

# जनादेश का बार-बार अपमान किया जा रहा

लोकतंत्र में चुनाव होता है तो सभी राजनीतिक दल जनादेश मांगते हैं। यह जनादेश किसी एक दल को मिलता है। जनता उसी दल को सत्ता सौंपती है जो उसे सबसे ज्यादा योग्य लगता है।चुनाव के बाद देश में सरकार भी उसी दल की बनती है जिसे जनादेश मिलता है। चुनाव हो जाने के बाद तो सभी राजनीतिक दलों को जनादेश का सम्मान करना चाहिए। जिनका भी लोकतंत्र में यकीन होता है,जनता का सम्मान करते हैं, जनता को सर्वोपरि मानते हैं, वह जनादेश का सम्मान करते हैं। जिनका लोकतंत्र, संविधान में कोई यकीन नहीं होता है,वह जनादेश का बार-बार अपमान करते हैं। ऐसे लोग परिवारवादी होते हैं, तानाशाह होते हैं। इसलिए वह जनादेश उसे ही मानते हैं जो उनको सरकार बनाने के लिए मिलता है। जनता अगर उनको सरकार बनाने के लिए आदेश नहीं देती है तो उनको लगता है कि देश में कुछ गलत हो गया है। वह सोचते हैं कि उनके परिवार को राज्य व केंद्र में सरकार बनाने व चलाने का अधिकार है। कांग्रेस यही केंद्र के बारे में सोचती है, क्षेत्रीय दल ऐसा राज्यों के बारे में सोचते हैं।यही वजह है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार भाजपा व एनडीए की सरकार बनना उनको जरा भी पसंद नहीं आया है। वह पिछले दस साल से मोदी को सरकार को नकारते रहे हैं। मोदी को नकारते रहे हैं। वह सोच नहीं सकते थे कि कोई गरीब परिवार का आदमी तीन बार उनको हराकर केंद्र में सरकार बना सकता है। ऐसा हुआ है इसलिए वह दस साल से सरकार को नकारते रहे हैं, सरकार के हर फैसले का विरोध करते रहे हैं। तीसरी बार उनको उम्मीद थी कि जनता इस बार मोदी व भाजपा को नकार कर उनके गठबंधन को सरकार बनाने का मौका देगी लेकिन जनता ने तीसरी बार भी कांग्रेस सहित राज्य के क्षेत्रीय दलो को नकार कर संदेश दे दिया कि वह ऐसे किसी कमजोर गठबंधन को सरकार बनाने के लिए नहीं चुन सकती जो पांच साल मजबूती से सरकार नहीं चला सकता। यही बात कांग्रेस सहित विपक्ष को बहुत बुरी लगी है। जनता ने उन्हें बहुमत नहीं दिया है, उन्हें हरा दिया है, उन्हें नकार दिया है। एक,दो बार नहीं तीन तीन बार नकार दिया है। वह जनता को तो बुरा नहीं कह सकते। यह तो कह नहीं सकते कि जनता ने एनडीए को बहुमत देकर गलती की है। वह यह तो कह सकते हैं कि सरकार कमजोर है, सरकार कभी भी गिर सकती है। यह सरकार ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है।सबसे पहले राहुल गांधी ने ऐसा कहा, उसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष एम खरगे ने यही बात कही। अब कोलकाता की शहीद दिवस की रैली में पं. बंगाल की सीएम ममता बैनर्जी व यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने यही बात कही है। ममता ने वह कह दिया है जो अब तक किसी नेता ने नहीं कहा था कि केंद्र में एनडीए की सरकार डरा धमका कर बनाई गई है। एजेंसियों का दुरुपयोग कर बनाई गई है।यह ममता बैनर्जी का अपना अनुभव है कि सरकार डरा धमका कर बनाई जा सकती है। क्योंकि वह पं. बंगाल में सरकार चुनाव के पहले, चुनाव के दौरान तथा चुनाव के बाद खूब हिंसा कर बनाती रही है। उनके पहले बंगाल में वामपंथी इसी तरह सरकार बनाया करते थे।ममता भी उसी रास्ते पर चल रही है, जिस रास्ते पर वामपंथी दल चलते रहे हैं और तीन चार दशक में वह अपनी हिंसा की राजनीति के चलते देश में नकार दिए गए हैं। केरल में भी वामपंथी सरकार अपने आखिरी दौर में हैं। वामपंथियों के पतन से ममता को सबक लेना चाहिए कि हिंसा की राजनीति ज्यादा दिनों तक नहीं चलती है। जनता को हमेशा डरा धमका कर चुनाव नहीं जिता जा सकता। हकीकत यह है कि केंद्र में एनडीए की सरकार चुनाव पूर्व हुए गठबंधन के कारण बनी है। भाजपा ने किसी को डराया, धमकाया नहीं है। यह तो विपक्ष की चूक का परिणाम भी कहा जा सकता है। विपक्ष चाहता तो नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू को चुनाव के पहले अपने पाले में कर सकता था लेकिन उसने ऐसा करना जरूरी नहीं समजा, उसने तो अपने पाले में नीतीश कुमार के साथ ऐसा बुरा व्यवहार किया कि वह भाजपा के पाले में जाने को मजबूर हो गए। भाजपा की सरकार बनने के पीछे विपक्ष की गलती है। वह अपनी गलती को न तो देख पा रही है, न ही समझ पा रही है।यही वजह है कि उसके नेता ऐसा बयान आए दिन देते रहते हैं कि जनता उन पर हंस सकती है कि यह विपक्ष क्या लोकतंत्र व संविधान की रक्षा करेगा जो जनादेश की बार बार अपमान करता है।

अहम फैसला

ललित गर्ग

# प्रतिबंधमुक्त संघ एक नयी किरण का आगाज



केंद्र की राजग सरकार ने एक महत्वपूर्ण एवं साहसिक आदेश के जरिये सरकारी कमर्चारियों के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर लगी रोक को हटा कर लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक भावना एवं मूल्यों का जीवंत किया है। भले ही इस आदेश को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तल्ख प्रतिक्रिया सामने आ रही है। वहीं संघ ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि तत्कालीन सरकार ने निराधार ही शासकीय कर्मियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर रोक लगायी थी। निश्चित ही वतर्मान सरकार का यह निर्णय लोकतांत्रिक व्यवस्था को पुष्ट करने वाला है क्योंकि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ एक गैर-राजनीतिक संगठन है, गत 99 वर्षों से सतत राष्ट्र के पुनर्निर्माण एवं समाज की सेवा में संलग्न संघ एक रचनात्मक, सृजनात्मक एवं सांस्कृतिक संगठन है। राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता-अखंडता एवं प्राकृतिक आपदा के समय में संघ के योगदान की विभिन्न राजनीतिक विचारधारा के नेताओं एवं दलों ने प्रशंसा भी की है। इस नये आदेश को लेकर इंडी गठबंधन के दलों में खलबली एवं बौखलाहट का सामने आना स्वाभाविक है, क्योंकि इस आदेश से संघ की ताकत बढ़ेगी, जो इन विपक्षी दलों की चिन्ता का बड़ा कारण है।

दरअसल, आरोप है कि पूर्व की कांग्रेस सरकारों ने समय-समय पर सरकारी कमर्चारियों की संघ के कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगा दी थी। संघ की गतिविधियों में शामिल होने पर कमर्चारियों को कड़ी सजा देने तक का प्रावधान लागू किया गया था। सेवानिवृत होने के बाद पेंशन लाभ इत्यादि को ध्यान में रखते हुए भी अनेक सरकारी कमर्चारी चाहते हुए भी संघ की गतिविधियों में शामिल होने से बचते थे। हालांकि, इस बीच मध्यप्रदेश सहित कई राज्य सरकारों ने इस आदेश को निरस्त कर दिया था, लेकिन इसके बाद भी केंद्र सरकार के स्तर पर यह वैध बना हुआ था। इस मामले में एक वाद इंदौर की अदालत में चल रहा था, जिस पर अदालत ने केंद्र सरकार से सफाई मांगी थी। इसी पर कारर्वाई करते हुए केंद्र सरकार ने नौ जुलाई को एक ऑर्डर जारी करते हुए उक्त प्रतिबंधों को समाप्त करने की घोषणा कर दी। निश्चित ही यह आदेश संघ से जुड़े एवं राष्ट्रीय विचारधारा वाले सरकारी कमर्चारियों के लिये एक नयी किरण है। आपातकाल में इंदिरा गांधी सरकार की तानाशाही खुलकर सामने दिखी थी, लेकिन उससे पहले भी तानाशाही कदम उठाए जाते रहे थे। दरअसल, 7 नवंबर 1966 को संसद के सामने गोहत्या के खिलाफ एक बड़ा प्रदर्शन हुआ था। 30 नवंबर 1966 को संघ-जनसंघ के प्रभाव से हिलकर इंदिरा गांधी ने सरकारी कमर्चारियों के संघ में शामिल होने पर प्रतिबंध लगा दिया। क्योंकि संघ व जनसंघ के प्रयासों से लाखों लोग जुटे थे और पुलिस के साथ टकराव में कई लोगों की जान गई थी। गोलीबारी में सैंकड़ों निर्दोष साधु-संत मारे गये थे। इस जघन्य हत्याकांड से क्षुब्ध होकर तत्कालीन गृहमंत्री गुलजारी लाल नंदा ने अपना त्यागपत्र दे दिया था। कांग्रेस पार्टी ने 58 साल पहले वर्ष 1966 में संघ पर लगाये गए प्रतिबंध को हटाने के औचित्य पर सवाल उठाए हैं। कहा जा रहा है कि जनसंघ, वाजपेयी सरकार और मोदी सरकार की पिछली एक दशक की सरकार के दौरान भी यह प्रतिबंध नहीं हटाया गया था, फिर अभी हटाने के पीछे गहरी राजनीतिक चाल है। वहीं संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर का कहना है कि संघ पिछले 99 साल से राष्ट्र के सतत निर्माण व समाज सेवा में संलग्न रहा है। अपने राजनीतिक स्वार्थ के



चलते तत्कालीन सरकार ने शासकीय कमर्चारियों को संघ जैसे रचनात्मक संगठन की गतिविधियों में भाग लेने हेतु निराधार प्रतिबंधित किया था। क्रांति का फलित है व्यापक स्तर पर होने वाला कोई बड़ा परिवर्तन। व्यक्ति जिस समाज में जीता है, उसकी व्यवस्थाओं, नीतियों और परम्पराओं में जब घुटन का अनुभव करता है जो वह किसी नए मार्ग का अनुसरण करता है। आज आजादी के बाद की राजनीतिक विसंगतियों से पनपी ऐसी ही घुटन से बाहर निकालने के प्रयत्न वतर्मान सरकार द्वारा हो रहे हैं। ऐसा ही एक विशिष्ट उपक्रम है सरकारी कमर्चारियों के संघ की गतिविधियों में भाग लेने पर लगा प्रतिबंध का हटना। इसको लेकर भी विपक्षी दलों द्वारा जनता को गुमराह किया जा रहा है, राष्ट्र की एकता को विखंडित करने के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन केंद्र सरकार ने संघ की गतिविधियों में कमर्चारियों के शामिल होने पर लगे प्रतिबंध को हटाकर नागरिक स्वतंत्रता की रक्षा की है। निःसंदेह, सरकार का यह निर्णय लोकतंत्र और संविधान की भावना को मजबूत करनेवाला है। भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को यह अधिकार देता है कि वह विविध सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संगठनों में शामिल हो सके। एक सामान्य नागरिक की भांति यह अधिकार कमर्चारियों को भी प्राप्त है कि अपने कार्यालयीन समय के बाद सामाजिक गतिविधियों का हिस्सा हो सकते हैं। परंतु, लोकतंत्र और संविधान की दुहाई देनेवाली कांग्रेस की सरकार ने तानाशाहीपूर्ण तरीके से संघ की गतिविधियों में सरकारी कमर्चारियों के भाग लेने पर प्रतिबंध लगा दिया था, जो एक प्रकार से राष्ट्रीय विचार के प्रति झुकाव रखनेवाले लोगों को हतोत्साहित करने का प्रयास ही था। कांग्रेस की नीयत को समझिए कि उसने ऐसा कोई प्रतिबंध इस्लामिक, ईसाई, कम्युनिस्ट और अन्य प्रकार के संगठनों की गतिविधियों में शामिल होने पर नहीं लगाया था। यानी कमर्चारी इस्लामिक एवं ईसाई संगठनों से जुड़ सकता था लेकिन हिन्दू संगठन की गतिविधियों में शामिल नहीं हो सकता था। कांग्रेस की इस तानाशाही एवं द्वेष का उत्तर संघ ने तो कभी नहीं दिया लेकिन समाज ने अवश्य ही कांग्रेस को आईना दिखाने का कार्य किया।

कांग्रेस लगातार आठ दशकों में हिन्दू-संस्कृति को कमजोर करने की राजनीतिक चालें चलती रही है। जबकि हिन्दू धर्म नहीं, विचार है, संस्कृति है। हिन्दू राष्ट्र होने का अर्थ धर्म से न होकर हिन्दू संस्कृति के सर्वग्राही भाव से है। हिन्दू संस्कृति उदारता का अन्तर्निहित शंखनाद है क्योंकि पूरे विश्व में यह अकेली संस्कृति है जो बहुविचारवाद यानी सभी धर्म, विचार एवं संस्कृतियों को स्वयं में समेटे हैं। हमारे ऋषियों ने हमें यह उपदेश दिया कि ह्यसत्यं बूर्यात न बूर्यात सत्यं अप्रियंह्ल अर्थात सच बोलो मगर कड़वा सच मत बोलो। हिन्दू संस्कृति की यही महानता और विशेषता रही है कि प्रिय सत्य की वकालत तो करती है मगर इसके कटु होने पर निषेध करने को भी कहती है। यह हिन्दू संस्कृति अहिंसा की संस्कृति है पर जरूरत पड़ने पर शस्त्र उठाकर स्व-रक्षा की बात भी कहती है। हिन्दू शब्द से ही स्वराष्ट्र का बोध होता है जो कि हिन्दू संस्कृति के वृहद स्वरूप का ही सौपान है। लेकिन राजनीतिक कारणों से कांग्रेस एवं अन्य ताकतों ने हिन्दू संस्कृति को निस्तेज करने, संघ को दबाने एवं समाप्त करने के लिए अनेक प्रयत्न किए। इस आदेश के अतिरिक्त तीन बार संघ पर पूर्ण प्रतिबंध भी लगाया। संघ की छवि खराब करने के लिए बड़े-बड़े नेताओं की ओर से मिथ्या प्रचार भी किया गया। अपने समर्थक बुद्धिजीवियों से पुस्तकें भी लिखवायी गईं। लेकिन निस्वार्थ भाव से देश और समाज के लिए कार्य करनेवाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कोई रोक नहीं सका। अपनी 99 वर्ष की यात्रा में संघ ने लगातार प्रगति एवं विस्तार ही किया है। अपने विचार, आचरण एवं सेवाकार्यों से संघ ने समाज का विश्वास जीता, जिसके कारण समाज सदैव संघ के साथ खड़ा रहा। कांग्रेस सरकार का तात्कालिक आदेश भी सरकारी कमर्चारियों को संघ कार्य में सहभागी होने से रोक नहीं सका। कई ऐसे उहाहरण हैं, जिनमें संघ गतिविधि में शामिल होने पर कांग्रेस की सरकारों ने सरकारी कमर्चारी के विरुद्ध दंडात्मक कारर्वाई की। लेकिन वे सभी मामले न्यायालय में टिक नहीं सके। संघ के स्वयंसेवक न्यायालय से जीतकर आए। उनकी छोटी-छोटी जीतों की श्रृंखला ने भी यह साबित किया कि संघ की गतिविधियों में शामिल होने से रोकने के लिए लगाया गया कांग्रेस सरकार का आदेश निरर्थक और संविधान एवं मौलिक अधिकारों की मूल भावना के विरुद्ध था।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। जो भी नया करना है, आज कर लें। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभाएंगे। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आप सकारात्मक रहेंगे। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है, आपको समाधान भी मिलेगा। आज आपकी सलाह से दूसरों को फायदा होगा। दोस्तों से फायदा होने के योग हैं।

वृष राशिः आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का माहौल आपके लिए अच्छा होगा। धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज ऑफिस के कार्यों में सहकर्मियों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी आज समाप्त हो जायेगी, जिससे आप रिलेक्स फील करेंगे। दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर आप सेंसिटिव हो सकते हैं।

मिथुन राशिः आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज कोई पुरानी देन-दारी निपटाएंगे। आज दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। धैर्य और समझदारी से कार्य करेंगे तो आपको सफलता मिलनी तय है। घर के कार्य में आपका पैसा खर्च हो सकता है। आज कोई भी फैसला शांत मन से लें। आज अपनी भाषा में मधुरता रखें तो आपके लिए अच्छा है।

कर्क राशिः आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। आज आप ऑफिस के रुके हुए कार्य मेहनत, धैर्य और समझदारी से पूरा कर लेंगे। आज आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज परिवार के सदस्य के साथ समय बीत सकता है। आज का दिन आपके लिए संतोषजनक होगा। रोजगार में परिस्थितियां पहले से ठीक होने की संभावना है।

सिंह राशिः आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके स्वभाव में लचीलापन रहेगा। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह देगा, यह सलाह आपके लिए कारगर साबित होगी। आज दोस्तों के साथ समय बिताएंगे, इससे आपकी दोस्ती और भी अच्छी होगी। व्यापारिक मामलों में जवाबदारी बढ़ सकती है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, आपकी सुख-सुविधाएं भी बढ़ेंगी। बच्चे आज आपसे किसी खिलौने की मांग कर सकते है।

कन्या राशिः आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज ऑफिस में कामकाज ज्यादा रहेगा। ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए बॉस से बात करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलेगी। सक्सेस के लिए प्लानिंग करनी चाहिए, आने वाले दिनों में फायदा हो सकता है। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को नौकरी का ऑफर मिल सकता है। आज आपके आर्थिक स्थिति में सुधार होने के योग हैं। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

तुला राशिः आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपके व्यवहार में विनम्रता और लचीलापन ही आपको सफलता दिला सकता है। किसी कारण से पिताजी आपको कोई नई जिम्मेदारी दे सकते हैं जिसे आप पूरी तरह निभाएंगे। जमीन जायदाद से जुड़े फैसले आज आपके पक्ष में आयेंगे। आज साझेदार की गतिविधियों पर ध्यान दें। आज घरेलू जरूरत की चीजों की खरीददारी करने मार्केट जा सकते है। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी वरतने की जरूरत है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी निजी समस्या सुलझ जाने से मानसिक शांति मिलेगी। कार्यस्थल पर आपका प्रदर्शन अच्छा रहेगा, आपको किसी काम में सहकर्मियों की मदद मिलेगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों की छवि अच्छी बनेगी, ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

धनु राशिः आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रह सकते है। आज कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। कुछ नए काम अचानक सामने आ सकते हैं। आज आपके सोचे हुए ज्यादातर काम पूरे होंगे। छात्र निरंतर कोशिश करते रहने से जल्द ही सफलता के योग है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, साथ में कहीं घूमने जाएंगे।

मकर राशिः आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे। आज आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज आप नये-नये लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा। आज किसी भी मामले पर बहस करने से बचें। सेहत के मामले में दिन अच्छा है। आज किसी करीबी रिश्तेदार से अचानक मुलाकात हो सकती है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम करने की कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करेंगे तो हो सकता है आपको ज्यादा फायदा हो। किसी करीबी से चल रही अनबन आज समाप्त हो जाएगी। नकारात्मक विचारों से आपकी दूरी बनी रहेगी, कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। आज रोजगार के मामले में किसी से सलाह मशवरा करेंगे।

मीन राशिःआज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आप अपने कार्यों को करने में व्यस्त रहेंगे। आज आपको सकारात्मक सोच से कार्यों को पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए। घर के जरूरी काम आज पूरा करने में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज किसी काम में दोस्तों और भाइयों से मदद मिल सकती है। आज अचानक धन लाभ हो सकता है। जीवनसाथी आज आपको कोई उपहार दे सकते हैं।

# जबरदस्ती का रसायन: समाज की हास्य कथा

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

व्यंग्य

जबरदस्ती! यह शब्द सुनते ही दिल में एक अद्भुत प्रकार का उल्लास और चिंता दोनों का मिश्रण पैदा होता है। समाज में जबरदस्ती की प्रवृत्ति इतनी प्रचलित है कि यह किसी अदृश्य और विशाल सर्कस का हिस्सा लगती है, जिसमें सभी लोग बिना किसी खुशीनुमा खुशी के अपने-अपने रोल निभाते हैं। यह एक ऐसा खेल है जिसमें जीतने का कोई स्पष्ट नियम नहीं होता और हर कोई बस खुद को सबसे ऊँचा मानता है। चलिए, सबसे पहले बात करते हैं उन घरों की, जहाँ पर जबरदस्ती का एक विशेष प्रकार का रसायन बन गया है। यहाँ, माँ-बाप की जबरदस्ती से लेकर भाभी-देवर की नोंक-झोंक तक, हर जगह जबरदस्ती का राज है। बच्चों को ह्लबड़े आदमी बननेह्व के सपने दिखाकर पढ़ाई के मैदान में उतारा जाता है, और फिर ह्यसभी के मापदंड पर खरा उतरनेह्ल का खेल शुरू होता है। कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि अगर किसी बच्चे ने कोई नया हुनर दिखाया, तो वह केवल 'माँ-बाप की अपेक्षाओं को पूरा करने का तरीका' है। अब आते हैं ऑफिस की दुनिया पर। यहाँ भी जबरदस्ती का एक अनोखा मेला सजा हुआ है। बॉस की जबरदस्ती से लेकर कलीग की खींचतान तक, सभी के बीच एक अदृश्य युद्ध चल रहा है। बॉस अपने कागजों के ढेर को लेकर कभी-कभी ऐसा व्यवहार करता है जैसे वह किसी स्वतंत्र राष्ट्र का शासक हो और उसका आदेश ह्लफरमानह्व हो। और अगर कमर्चारी ने अपनी राय रखी, तो उसे ह्लअनुशासनहीनताह्व का तमगा मिल जाता है। ऑफिस के कैफे में ह्लसुस्वादु कॉफीह्व का सुझाव देना, भी कभी-कभी बॉस की जबरदस्ती का शिकार हो जाता है। फिर आते हैं समाज में आम लोगों की बात पर। यहाँ पर भी जबरदस्ती का एक दिलचस्प संस्करण देखने को मिलता है। शादी-ब्याह के मामलों में जबरदस्ती से लेकर सामाजिक रीति-रिवाजों की पाबंदियों तक, हर जगह का नजारा ऐसा होता है जैसे हम एक अनमोल प्राचीन यथार्थ को जी रहे हों। शादी के मंडप में ह्लहर लड़की का सपना होता है कि वह महल जैसी शादी में उतरे,ह्व लेकिन समाज में यह केवल एक आदर्श स्थिति है, जिसमें वास्तविकता कभी जगह नहीं बनाती। इस सबके बीच, राजनीतिक और सामाजिक संगठनों की जबरदस्ती की भी एक अलग ही कहानी है। यहाँ पर नेताओं का जबरदस्ती वाला व्यवहार ऐसा होता है जैसे वे एक टेलीविजन शो के मेजबान हों। चुनावी वादों की लुभावनी चमक और तात्कालिक राहत के नाम पर हर कोई ह्लनम्रताह्व के प्रदर्शन में संलग्न रहता है। लेकिन असली खेल तब शुरू होता है जब वे अपने वादों को निभाने के बजाय, अपना टाइम-सारणी पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह जबरदस्ती की अनोखी कहानी केवल हमारे देश की नहीं, बल्कि हर जगह की है। लोगों ने इसे एक जीवनशैली मान लिया है, जिसमें बिना किसी मोल के मजे लेने की उम्मीद की जाती है। ऐसे में अगर आप कभी सोचे कि समाज में जबरदस्ती से कैसे छुटकारा पाया जाए, तो शायद आपको यह समझ में आ जाएगा कि यह एक चक्रीय खेल है, जिसमें हर कोई किसी न किसी स्तर पर एक-दूसरे को घेरने की कोशिश कर रहा है। अंततः, जबरदस्ती का यह खेल न तो कभी खत्म होगा, और न ही इससे निजात पाना संभव है। इसके बावजूद, हमें हंसी-मजाक और आत्म-आलोचना के माध्यम से इसे स्वीकार करना पड़ेगा। क्योंकि आखिरकार, जबरदस्ती केवल समाज के हास्य का एक हिस्सा है, जिसे हम सब मिलकर निभा रहे हैं।

# कौन से डायबिटीज में खा सकते हैं आलू

डायबिटीज यानी शुगर कभी न खत्म होने वाली बीमारी है. इसे सिर्फ कंट्रोल किया जा सकता है. इस बीमारी में खानपान का खास ख्याल रखना पड़ता है. खासकर टाइप 2 डायबिटीज में खाने को लेकर जरा सी भी लापरवाही खतरनाक हो सकती है. डायबिटिक पेशेंट्स के मन में अक्सर एक सवाल उठता है कि वे आलू खा सकते हैं या नहीं. क्या आलू खाना उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है, अगर नहीं तो उसे अपनी डाइट में कैसे शामिल कर सकते हैं. आइए जानते हैं एक्सपर्ट्स से...

**डायबिटीज में आलू खाएं या नहीं**-एक्सपर्ट्स के मुताबिक, टाइप 2 डायबिटीज के मरीज सही मात्रा में आलू का सेवन कर सकते हैं. आलू में अनाज वाले गुण पाए जाते हैं. इसमें हार्ड कार्बोहाइड्रेट और स्टार्च पाया जाता है. इसमें पोटेशियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस, आयरन और जिंक जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं. एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर इन सभी पोषक तत्वों से भरपूर आलू का सही तरह सेवन करते हैं तो ब्लड शुगर बढ़ने का रिस्क कम हो सकता है.

**आलू से अन्य फायदे**-नए आलू का सेवन डायबिटीज के मरीजों के लिए फायदेमंद हो सकता है. इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स 70 के करीब होता है. माना जाता है कि 70 से ज्यादा ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले फूड्स सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं. आलू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम करने के लिए उसे पत्तेदार सब्जियों के साथ खा सकते हैं. टाइप 2 डायबिटीज के मरीज दिन में कम से कम 200 ग्राम तक कार्बोहाइड्रेट का सेवन कर सकते हैं.

**आलू कैसे खाना चाहिए**-एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आलू हमेशा दूसरी सब्जियों के साथ ही खाना चाहिए. ब्रेकफास्ट में आलू-पूरी खा सकते हैं. एंटीऑक्सीडेंट वाले आलू में विटामिन सी पाया जाता है. इसके अलावा आलू की सब्जी, मटर, गोभी और बैंगन के साथ भी खा सकते हैं.

प्रासंगिक

किशन सनमुखदास भावनानी

# टूरिज्म क्षेत्र में रोजगार का महत्वपूर्ण फैक्टर बनेगा



वैश्विक स्तरपर पिछले कुछ वर्षों से हम देख रहे हैं कि अनेक वैश्विक मंचों द्वारा अपने वार्षिक शिखर सम्मेलनों सम्मिटों मंचों व सत्रों का आयोजन भारत में किया जा रहा है, जो अपने आप में बहुत बड़ी अच्छी बात है, क्योंकि इससे भारत की प्रतिष्ठा तो कई गुना बढ़ती ही है बल्कि अनेकों स्रोतों व एंगल से भारत के अथर्शास्त्र को भी अति लाभ पहुंचता है जिससे विजन 2047, फाइव ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था में मील का पत्थर साबित होगा। यानें इस विजन रूपी सीढ़ी में पहिए लगते जा रहे हैं,उसी कड़ी में भारत में 46 वाँ विश्व धरोहर समिति सत्र 21-31 जुलाई 2024 का शुभारंभ माननीय पीएम के हस्ते दिनांक 21 जुलाई 2024 को देर शाम हुआ। बता दें विश्व धरोहर समिति का सत्र भारत में पहली बार हो रहा है,इसके पहले भी हमजी-20 सहित अनेको वैश्विक मंचों शिखर सम्मेलनो का आयोजन भारत में देख चुके हैं। चूंकि 46 वाँ विश्व धरोहर समिति का सत्र भारत में शुरू हो चुका है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक विकास में सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित कर सृजनात्मक क्रिया से टूरिज्म क्षेत्र में रोजगार का महत्वपूर्ण फैक्टर बनेगा।

साथियों बात अगर हम भारत में 46 वें विश्व धरोहर समिति सत्र 21से 31 जुलाई 2024 की करें तो,भारत पहली बार विश्व धरोहर समिति की मेजबानी कर रहा है। इसका आयोजन नई दिल्ली के भारत मंडपम में हो रहा है।विश्व धरोहर से संबंधित सभी मामलों के प्रबंधन और सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय से संबंधित चर्चा होगी। इसमें 150 से अधिक देशों के 2000 से अधिक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं इसके अलावा, भारत मंडपम में भारत की संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न प्रदर्शनियां भी लगाई गई है। रिटर्न ऑफ ट्रेजर्स प्रदशर्नी में देश में वापस लाई गई कुछ कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया है। अब तक 350 से अधिक कलाकृतियां वापस लाई जा चुकी हैं। इसके अलावा, भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, सदियों पुरानी सभ्यता, भौगोलिक विविधता, पर्यटन स्थलों और सूचना प्रौद्योगिकी और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में आधुनिक विकास को उजागर करने के लिए अतुल्य भारत प्रदशर्नी भी लगाई गई है। पीएम ने रविवार देरशाम को 46वें सत्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर यूनेस्को की महानिदेशक ऑद्रे अजोले भी उद्घाटन समारोह में शामिल हुई। विश्व धरोहर समिति की बैठक साल में एक बार होती है। बैठक के दौरान विश्व धरोहर सूची में नए स्थलों को नामांकित करने के प्रस्ताव,124 मौजूदा विश्व धरोहर संपत्तियोंकी संरक्षण रिपोर्ट की स्थिति,अंतरराष्ट्रीय सहायता और विश्व धरोहर निधि के उपयोग आदि पर गंभीरता चर्चा की जा रही है। साथियों बात अगर हम विश्व धरोहर समिति में भारत की करें तो,इस समय भारत का दुनियां में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन(यूनेस्को) स्थलों की संख्या के हिसाब से छठा स्थान है। इसके साथ ही एशिया प्रशांत क्षेत्र में भारत दूसरे नंबर पर है।विश्व धरोहर समिति की बैठक साल में एक बार होती है और यह विश्व धरोहर स्थलों से संबंधित सभी मामलों के प्रबंधन तथा यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किए जाने वाले स्थलों पर निर्णय लेती है। अब तक 168 देशों की 1,199 संपत्तियों को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया जा चुका है।संस्कृति मंत्रालय द्वारा साझा की गई जानकारी के अनुसार, विश्व धरोहर समिति के 46वें सत्र में दुनियां भर से प्राप्त 27 नए स्थलों के नामांकनों की जांच की जाएगी जिनमें 19 सांस्कृतिक स्थल, चार प्राकृतिक स्थल और दो मिश्रित स्थल हैं। सत्र में भारत की ओर से साल 2023-24 के लिए सांस्कृतिक संपत्ति श्रेणी में नामांकित असम के 'मोइदम्स' से संबंधित आवेदन की पड़ताल की जाएगी। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अतिरिक्त महानिदेशक ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा था अंतरराष्ट्रीय स्मारक और स्थल परिषद (आईसीओएमओएस) ने मोइदम्स के अंकन के लिए अनुकूल अनुशंसा की है जिसका अर्थ है कि यह सभी मापदंडों को पूरा करता है। भारत के साथ कुछ अन्य देशों द्वारा भी कई अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।भारत मंडपम में आयोजित होने वाले अन्य कार्यक्रमों में स्वदेशी शिल्प उत्पादों की खरीदारी के अनुभव के अलावा भ्रमण और पर्यटन की योजना बनाई गई है।इसके साथ ही भारत की डिजिटल विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने की भी योजना बनाई गई है। अधिकारियों ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय ने प्रदर्शनियों का आयोजन किया है। भारत मंडपम में भारत की संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने के लिए हथकरघा और हस्तशिल्प जैसी विभिन्न प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। पीएम कार्यालय द्वारा जारी,बयान में कहा गया,कार्यक्रम के दौरान नवीनतम एआर और वीआर प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके भारत के तीन विश्व धरोहर स्थलों का अद्भुत अनुभव प्रदान किया जाएगा, जिसमें गुजरात के पाटन में स्थित रानी की वाव, कैलाश मंदिर, एलोरा गुफाएं,महाराष्ट्र और होयसल मंदिर, हलेबिड, कर्नाटक शामिल हैं। साथियों बात अगर हम 46 वें विश्व धरोहर समिति सत्र को माननीय पीएम द्वारा 21 जुलाई 2024 को देर शाम उद्घाटन कर संबोधन की करें तो,हेरिटेज केवल हिस्ट्री नहीं, बल्कि मानवता की एक साझी चेतना है। हम दुनिया में कहीं भी किसी हेरिटेज को देखते हैं, तो हमारा मन वतर्मान के जियो पॉलीटिकल फैक्टर्स से ऊपर उठ जाता है। हमें हेरिटेज के इस पोटेंशियल को विश्व की बेहतरी के लिए प्रयोग करना है। हमें अपनी विरासतों के जरिए दिलों को जोड़ना है। और आजइस सम्मिट के माध्यम से, भारत का, पूरे विश्व को यही आह्वान है,आइए हम सब जुड़ें,एक दूसरे की विरासत को आगे बढ़ाने के लिएआइए हम सब जुड़ें।मानव कल्याण की भावना के विस्तार के लिए! आइए,हम सब जुड़ें,अपनी हेरिटेज को संरक्षित करते हुए टूरिज्म बढ़ाने के लिए, ज्यादा से ज्यादा रोजगार के मौके बनाने के लिए।भारत का इतिहास और भारतीय सभ्यता, ये सामान्य इतिहास बोध से कहीं ज्यादा प्राचीन और व्यापक हैं। इसीलिए, जैसे-जैसे नए तथ्य सामने आ रहे है, जैसे-जैसे इतिहास का वैज्ञानिक वेरिफिकेशन हो रहा है।हमें अतीत को देखने के नए दृष्टिकोण विकसित करने पड़ रहे हैं। यहां मौजूद वर्ल्ड एक्सपर्टस को उत्तर प्रदेश के सिनौली में मिले सबूतों के बारे में जरूर जानना चाहिए। सिनौली की फाइंडिंग्स कॉपर एज की हैं। लेकिन, ये इंडस वैली सिविलाइजेशन की जगह वैदिक सिविलाइजेशन से मेल खाती हैं। 2018 में वहाँ एक 4 हजार साल पुराना रथ मिला है, वो ह्यहॉर्स ड्रिवेनह्ल था। ये शोध, ये नए तथ्य बताते हैं कि भारत को जानने के लिए अवधारणाओं से मुक्त नई सोच की जरूरत है। मैं आप सभी से आह्वान करता हूँ।नए तथ्यों में, उसके आलोक में इतिहास की जो नई समझ विकसित हो रही है, आप उसका हिस्सा बनें, उसे आगे बढ़ाएँ। भारत वैश्विक विरासत के इस संरक्षण को भी अपनी जिम्मेदारी मानता है। इसीलिए, हम भारतीय विरासत के साथ-साथ ग्लोबल साउथ के देशों में भी हेरिटेज संरक्षण के लिए सहयोग दे रहे हैं। कंबोडिया के अंकोर-वाट, वियतनाम के चाम टेम्पल्स, म्यांमार के बाग़ान में स्तूप, भारत ऐसी कई धरोहरों के संरक्षण में सहयोग दे रहा है। और इसी दिशा में आज मैं एक और अहम घोषणा कर रहा हूं। भारत यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर के लिए 1 मिलियन डॉलर का कंट्रीब्यूशन करेगा। ये ग्रांट कैपेसिटी बिल्डिंग टेक्निकल असिस्टेंस, और वर्ल्ड हेरिटेज साइट्स के कंजर्वेशन में प्रयोग होगी। विशेष रूप से, ये पैसा ग्लोबल साउथ के देशों के काम आएगा। भारत में युवा प्रोफेसनल्स के लिए वर्ल्ड हेरिटेज मैनेजमेंट में सर्टिफिकेट प्रोग्राम भी शुरू हो गया है। मुझे विश्वास है, कल्चरल और क्रिएटिव इंडस्ट्री, ग्लोबल ग्रोथ में बड़ा फैक्टर बनेगी।

साथियों बात अगर हम विश्व धरोहर समिति को जानने की करें तो, विश्व धरोहर समिति उन स्थलों का चयन करती है जिन्हें यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों के रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है। यह विश्व धरोहर कन्वेंशन के कार्यान्वयन के लिए जिम्मेदार है, विश्व धरोहर कोष के इस्तेमाल को परिभाषित करता है और राष्ट्र दलों से अनुरोध पर वित्तीय सहायता का आवंटन करती है। इसका गठन 21 राष्ट्र दलों से मिलकर होता है, जिनका चुनाव राष्ट्र दलों की महासभा द्वारा चार साल केकायर्काल के लिए होता है।विश्व धरोहर कन्वेंशन के नियमानुसार, समिति के सदस्य राष्ट्र का कायर्काल छह साल के लिए होता है, लेकिन कई राष्ट्र दल स्वेच्छा से केवल चार साल के लिए ही समिति के सदस्य बने रहना स्वीकार करते हैं ताकि, दूसरे राष्ट्र दलों को भी समिति का सदस्य बनने का मौका मिल सके।

## एक नजर

### जिले में अब तक 709.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**सुकमा,23 जूलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । भू-अभिलेख कार्यालय जिला सुकमा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से शुरू की गई वर्षा मापन में अब तक सुकमा तहसील में 795.5 मिलीमीटर, छिन्दगढ़ तहसील में 512.3 मिलीमीटर, कोण्टा तहसील में 783.4 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 606.7 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 519.6 मिलीमीटर, दोरनापाल तहसील में 1112.5 मिलीमीटर और जगरगुण्डा तहसील में 638.4 वर्षा दर्ज हुई है। इस प्रकार सुकमा जिले में अब तक 709.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। इस मानसून सत्र जिले में 1734.5 मिलीमीटर औसत वर्षा संभावित है। वर्षा प्रतिवेदन के आधार पर 22 जूलाई को सर्वाधिक वर्षा दोरनापाल तहसील में 85.8 मिलीमीटर, सुकमा तहसील में 80.0 मिलीमीटर, जगरगुण्डा तहसील में 68.4 मिलीमीटर, गादीरास तहसील में 54.6 मिलीमीटर,कोण्टा तहसील में 50.4 मिलीमीटर, तोंगपाल तहसील में 33.8 मिलीमीटर, और छिंदगढ़ तहसील में 31.0 मिलीमीटर, दर्ज की गई है। इस प्रकार 57.7 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है।

### वॉक-इन-इन्टरव्यू 30 जुलाई को

**सुकमा,23 जूलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय सुकमा मे खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षन केन्द्र फुटबॉल खेल का प्रारंभ किया जाएगा। उक्त लघु केन्द्र प्रशिक्षण (फुटबाल) के लिए एक फुटबॉल खेल के प्रशिक्षक की आवश्यकता है। फुटबॉल प्रशिक्षक को एक मुस्त मासिक मानदेय 25 हजार रूपए प्रदान किया जाएगा। योग्य फुटबाल प्रशिक्षक के नियुक्ति के लिए कार्यालय जिला खेल अधिकारी, सुकमा में 30 जुलाई दोपहर 3.00 बजे वॉक-इन-इन्टरव्यू रखा गया है। प्रशिक्षक हेतु इच्छुक अभ्यर्थी के पास राष्ट्रीय संस्थान का कोर्स एवम् इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवम् समय पर अपनी शैक्षणिक योग्यता व फुटबॉल खेल में उपलब्धि का प्रमाण पत्र सहित उपस्थित हो कर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### बस्तर विश्वविद्यालय में सीधा प्रवेश 31 जुलाई तक

**सुकमा 23 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । बस्तर विश्वविद्यालय, जगदलपुर पहली बार अपने विश्वविद्यालय के विभागों में इसी सत्र 2024-25 से बी0 ए0, बी0एस-सी0, बी0कॉम0 और एम0ए0, एम0एसी0, एम0कॉम0 में सीधा प्रवेश दे रहा है। कोई भी छात्र/छात्रा सीधे विश्वविद्यालय आकर 31जुलाई तक प्रवेश ले सकते हैं। प्रवेश से संबंधित समस्त जानकारी विश्विद्यालय की वेबसाइट https://smkvbastar.ac.in पर उपलब्ध करा दी गयी है। छात्राओं और छात्रों के लिए अलग-अलग होस्टल की सुविधा उपलब्ध है। छात्र 975 रुपये के शुल्क में ग्रेजुएशन और 3650 रुपये के शुल्क में पोस्ट ग्रेजुएशन कर सकते है। छात्रों के पढ़ने के लिए 24×7 लाइब्रेरी खुली रहेगी। कृपया बस्तर के सभी जिले के बच्चों को विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित एवम सूचित कर भिजवाने का कष्ट करेंगे। अधिक जानकारी के लिये निम्न हेल्पलाइन नंबर एवम ईमेल पर संपर्क कर सकते हैं।

### इंडियन ऑयल ने मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर स्ट्रोम एक्स रेसिंग ईंधन लॉन्च किया

**रायपुर 23 जुलाई।** भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी, इंडियनऑयल ने मद्रास इंटरनेशनल सर्किट पर इंडियन नेशनल कार रेसिंग चैंपियनशिप के दौरान रेसिंग कारों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए उच्च-ऑक्टेन रेसिंग ईंधन, स्ट्रोम एक्स के लॉन्च की गर्व के साथ घोषणा की। इस महत्वपूर्ण आयोजन ने भारत में मोटरस्पोर्ट्स में क्रांति लाने के उद्देश्य से इंडियनऑयल और मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब के बीच हुए रणनीतिक साझेदारी समझौते का भी जश्न मनाया। इस कार्यक्रम में श्री वी. सतीश कुमार, निदेशक (विपणन), इंडियनऑयल ने MMSC के पदाधिकारियों - श्री अजीत थॉमस - अध्यक्ष, श्री प्रभा शंकर, सचिव और श्री विक्की चंदोक - उपाध्यक्ष की उपस्थिति में ब्रांड लोगो का अनावरण करके स्ट्रोम एक्स को आधिकारिक तौर पर लॉन्च किया। इस सहयोग ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित किया है, क्योंकि इंडियनऑयल इंडियन नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप के दौरान रेस ईंधन और स्नेहक की आपूर्ति करेगा और आयोजन स्थल तथा वाहनों की ब्रांडिंग प्रदान करेगा।

# कलेक्टर ने लिया बाढ़ प्रभावित इलाकों का जायजा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा 23 जुलाई।** जिले में विकासखण्ड मुख्यालय कोंटा शबरी नदी के किनारे बसे होने के कारण डूबान क्षेत्र में आता है। इस क्षेत्र में पिछले 48 घण्टों से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश से जिले के छोटे-बड़े नाले सहित शबरी नदी उफान पर है। जिससे कई ग्रामों की आवागमन बंद है वहीं लगातार बारिश से शबरी नदी का जल स्तर भी बढ़ने लगा है। कलेक्टर हरिस एस. सहित आला अधिकारी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने कोंटा विकासखंड के इंजरम पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर ने चिन्हांकित राहत शिविर स्थलों में पर्याप्त पेयजल, भोजन और बिजली इत्यादि की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। साथ ही राजस्व, पुलिस, नगर सेना, जनपद पंचायत के मैदानी अमलों को सतर्क रहने और बाढ़ नियंत्रण कक्ष में नियमित रूप से अमलों की तैनाती रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मैदानी अमलों को सीमावर्ती राज्यों के अधिकारियों से सतत सम्पर्क बनाए रखने कहा। साथ ही शबरी नदी के जल स्तर पर भी निगरानी रखने कहा। बाढ़ प्रभावित इलाकों में आपात स्थिति निर्मित न हो इसके लिए पर्याप्त संख्या में रेस्क्यू बोट की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही बचाव संबंधी सभी आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश दिए और नदी नाला उफान की स्थिति में जान जोखिम में डालकर पार करने वाले आमजनों को समझाइश देने कहा।

कलेक्टर हरिस एस. ने जिले में हो रहे अधिक बारिश को देखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के हालात पर नजर बनाए हुए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित लोगों को हरसंभव मदद करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर हरिस एस. ने प्रभावित इलाकों के आमजनों को राहत शिविरों के अलावा सुरक्षित स्थानों में पहुंचाने के लिए समय-समय पर मुनादी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि अगर बारिश के कारण स्थिति गंभीर हो या जान-माल का खतरा हो तो तत्काल उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाए। इस दौरान उन्होंने इंजरम आश्रम के बच्चों को एर्राबोर आश्रम में शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए।

इस दौरान एसडीएम कोंटा द्वारा अवगत कराया गया कि जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने बाढ़ के स्थिति को देखते हुए बचाव हेतु तैयारी पूरी कर ली है। साथ ही बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के रहवासियों से प्रशासन निरंतर संपर्क बनाने हुए हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में रहने वाले लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है और जिला प्रशासन ने आपात स्थिति की सूचना देने के लिए दूरभाष नंबर भी जारी किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर गजेंद्र ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सूरज कश्यप, एसडीएम कोंटा शबाब खान, सीईओ जनपद कोंटा नारद कुमार मांझी सहित मैदानी अमले उपस्थित थे।

# मसोरा में डाक चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को दी सेवाओं की जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोंडागांव 23 जुलाई।** भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राम मसोरा में 22 जुलाई सोमवार को डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वीणा आर श्रीनिवास मुख्य पोस्टमास्टर जरनल छत्तीसगढ़ परिमंडल, श्री आरपी वर्मा अधीक्षक बस्तर संभाग, सरपंच ग्राम पंचायत मसोरा मंचासीन रहे। सर्वप्रथम माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई ततपश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेट कर स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि केंद्र शासन डाक विभाग के माध्यम से गांव गांव में चौपाल लगाकर विभाग में उपलब्ध सेवाओ को जन जन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है ताकि ग्रामीणों को भटकना न पड़े। इसी कड़ी में कोंडागांव उपसंभाग एक के द्वारा यह आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य पोस्ट मास्टर महोदया श्रीमती वीणा जी ने कहा ग्रामीण डाक सेवक पूरी निष्ठा से डाकघर की योजनाओं का ग्रामीणों को लाभ दिलाये, ग्रामीणों को वित्तीय समावेशन के लाभ से अवगत कराने के निर्देश दिए एवं प्रतिमाह अधिक से अधिक खाते खोलने हेतु प्रोत्साहित किये। उन्होंने आगे कहा वित्तीय समावेशन से बचत की भावना विकसित होती है और डाकघर में बचत कर ग्रामीणजन आर्थिक रूप से सक्षम हो सकते है। उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा के द्वारा डाक विभाग के विभिन्न योजनाओं के बारे मे उपस्थित समस्त ग्रामवासियों को विस्तृत जानकारी दिया गया एवं साइबर क्राइम से होने वाले धोखाधड़ी ठगी के सम्बंध में जागरूक किया गया। डाक चौपाल में विभागीय कर्मचारियों के द्वारा ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाओं से संबंधित काउंटर लगाए गए थे, जैसे आधार, आईपीपीबी, बीमा, बचत खाता , आधार से रकम निकासी इत्यादि जिसमें मौके पर ही ग्रामीणों द्वारा विभिन्न प्रकार के सुविधाओं जैसे बाल आधार , आधार सीडिंग खाता , विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति खाता , सुकन्या खाता , आरडी खाता , महिला सम्मान बचत खाता एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के खाते खुलवाये गए। आज के डाक चौपाल कार्यक्रम में कुल बीमाधन 3.51 करोड़ का ग्रामीण डाक जीवन बीमा, 1.10 करोड़ डाक जीवन बीमा, बिजनेस इस सुकन्या समृद्धि के 15 खाते, महिला सम्मान बचत पत्र के 2, पीपीएफ के 5 खाते, पीओएसबी के 21 खाते, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के 25 खाते, ग्रुप एक्सिडेंटल गार्ड पालिसी 4, 10 छोटे बच्चों के आधार बनाये गए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीपीएम को मुख्य पोस्ट मास्टर छग के द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया एवं स्वल्पाहार पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। डाक चौपाल कार्यक्रम में महिला पुरूष, स्कूली बच्चे, शिक्षकगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित समस्त शाखा डाकपाल उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने किया स्कूलों का औचक निरीक्षण, अनुपस्थित शिक्षकों का लिया संज्ञान

**जगदलपुर 23 जुलाई।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने शिक्षा सप्ताह के पहले दिन सोमवार को बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला बोड़नपाल-1 एवं पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला पल्ली चकवा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बोड़नपाल स्कूल से लम्बे समय से अनुपस्थित शिक्षकों का उपस्थिति पंजीयन देखकर आंकलन किया। साथ ही स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या का अवलोकन कर संबंधित सीएससी को दर्ज संख्या के विपरीत छात्रों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने स्कूल में बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किए, संबंधित सीएससी द्वारा बच्चों की कम उपस्थिति के लिए सही वजह नहीं बताने और उनके द्वारा बच्चों को स्कूल तक लाने हेतु कोई कार्यवाही नहीं करने हेतु स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। स्कूल निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षा सप्ताह के पहले दिन टीएलएम दिवस में स्थानीय सामग्रियों का उपयोग कर विज्ञान विषय को रोचक बनाकर बच्चों को ज्ञान देने की कक्षा का भी अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर श्री विजय और जिला पंचायत सीईओ श्री प्रकाश सर्वे ने स्कूली बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन कर खाने की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने पूर्व माध्यमिक शाला और प्राथमिक शाला पल्ली चकवा का भी निरीक्षण किया। जहां पर समय से पूर्व मध्याह्न भोजन करवाने और स्कूल में बच्चों की कम उपस्थिति के लिए प्रधान अध्यापक पर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। इससे पहले बोड़नपाल के निरीक्षण के दौरान भृत्य के द्वारा दूरभाष से अन्य स्कूल के शिक्षक को कलेक्टर की दौरा की जानकारी देने के लिए भृत्य को निलंबित करने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए। इसके उपरांत विकासखंड शिक्षा अधिकारी बस्तर के कार्यालय का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री विजय को बस्तर क्षेत्र में अनुपस्थित शिक्षकों की लगातार शिकायत मिल रही थी। अनुपस्थित शिक्षकों की वेतन निकालने की जानकारी उन्होंने जिला कोषालय से माहवार सूची निकलवा कर मौका मुआयना करने के लिए स्कूलों का औचक निरीक्षण किया।

## समाचार संक्षेप

### गुरु पूर्णिमा पर्व पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**रायपुर 23 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर सेन समाज के पदाधिकारी ने बोरिया तालाब के किनारे,पौधारोपण कर अपने अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को याद करते हुए उनके बताए हुए पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया,। उक्त पुनीत कार्य में श्रीमती मोंगरा देवी, श्री सुशील कौशिक, मानिकपुरी समाज व चिकित्सा प्रकोष्ठ से डॉ के दास, दिलीप सेन साहु समाज से कुंती साहू इंद्राणी ठाकुर, महक ठाकुर ,प्रणव ,ईश्वर सेन, सतीश श्रीवास ,राधे श्याम श्रीवास, रमेश दाउलाल श्रीवास, श्री मति श्यामा सेन, शांता श्रीवास, लता श्रीवास, कमलेश श्रीवास,रायपुर जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर सभी ने मिलकर लगभग 21 औषधि युक्त एवं छायादार तथा फलदार पौधे का रोपण किया, उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी।



### किसानों के हित में राजस्व मंत्री का फैसला बधाई योग्य है

**कुरूद 23 जुलाई।** भारतीय किसान संघ धमतरी जिले द्वारा विगत 5 वर्षों से तत्कालीन राज्य सरकार के पास रकबा खसरा त्रुटि सुधार संचित असंचित जमीन एक फसली दो फसली आदि भूमि संबंधी सुधार के लिए कई बार आवेदन किया गया क्योंकि यह अधिकार एसडीएम कोर्ट को दिया गया था इससे किसानों को कई जगह चक्कर लगाना पड़ता था वर्तमान राज्य सरकार को भी नव गठन होने के बाद ज्ञापन सोपा गया था राज्य सरकार के किसानों के हितैषी राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा द्वारा रब्बा खसरा त्रुटि सुधार सहित छोटे-छोटे मामले के लिए अब तहसीलदार को जो अधिकार दिया गया है वह किसानों के हित में लिया गया स्वागत योग्य कदम है राज्य सरकार के इस फैसले का हम किस तहे दिल से स्वागत करते हैं इसी प्रकार राज्य सरकार वर्तमान में लावारिस जानवर एवं कुछ घरेलू जानवर जगह-जगह ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में रोड एवं घरों में बैठे रहते हैं साथ में वर्तमान फसल को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं । राज्य सरकार प्रत्येक जिलों में खाली पड़े जंगली क्षेत्र में पड़त भूमि को घेरा करके व्यवस्थित ढंग से जानवरों को एक जगह रखने की व्यवस्था किया जाए साथ में वहां रखे कर्मचारियों को वेतन स्वरूप प्रदान किया जाए जिसमें पानी और चार की व्यवस्था हो साथ ही साथ जैविक खाद को भी प्राथमिकता दिया जा सकता है इससे राज्य सरकार के आय में वृद्धि भी होगा और पूरे जिले के जानवर एक ही भूभाग पर रहने से व्यवस्थित हो पाएगा और जो मालिक जानबूझकर अपना जानवर खुले में छोड़ रहे हैं उसे मलिक के ऊपर कारवाई किया जाए जिससे लोगों की जान माल सुरक्षित रहे। राजस्व मामले को एक निश्चित अवधि के अंदर पालन करने के लिए राजस्व मंत्री द्वारा प्रत्येक जिले में ब्लॉक स्तर पर एक अभियान चलाया जाए जिससे किसानों को लाभ हो सके एक बैठक के माध्यम से भारतीय किसान संघ द्वारा यह निर्णय का स्वागत एवं मांग रखा गया जो कि किसानों के हित में है इस अवसर पर भारतीय किसान संघ की जिला अध्यक्ष लालाराम चंद्राकर ललित कुमार दुलार सिंह प्रदीप चंद्राकर ठाकुर राम साहू ओंकार चंद्राकर गौतम साहू उत्तम साहू डॉक्टर कपिल पटेल संत राम साहू राजकुमार चंद्राकर रामकुमार सिन्हा श्री राम चंद्राकर दीनानाथ साहू शत्रुघ्न साहू रमन साहू शाहिद अनेक किसान उपस्थित थे।




### फुटबॉल प्रशिक्षक को मासिक मानदेय 25 हजार रूपए प्रदान किया

**सुकमा, 22 जुलाई ।** खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जिला मुख्यालय सुकमा में खेलो इंडिया लघु प्रशिक्षण केन्द्र फुटबॉल खेल का प्रारंभ किया जाएगा। उक्त लघु केन्द्र प्रशिक्षण (फुटबॉल) के लिए एक फुटबॉल खेल के प्रशिक्षक की आवश्यकता है। फुटबॉल प्रशिक्षक को एक मुस्त मासिक मानदेय 25 हजार रूपए प्रदान किया जाएगा। योग्य फुटबॉल प्रशिक्षक के नियुक्ति के लिए कार्यालय जिला खेल अधिकारी, सुकमा में 30 जुलाई दोपहर 3 बजे वॉक-इन-इन्टरव्यू रखा गया है। प्रशिक्षक हेतु इच्छुक अभ्यर्थी के पास राष्ट्रीय संस्थान का कोर्स एवं इंडियन फुटबॉल एसोसिएशन का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपनी शैक्षणिक योग्यता व फुटबॉल खेल में उपलब्धि का प्रमाण पत्र सहित उपस्थित हो कर चयन प्रक्रिया में शामिल हो सकते हैं।

### ईएनटी विभाग ने कॉक्लियर इम्प्लांट वाले दो मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**रायपुर. 23 जुलाई।** पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित नाक कान गला रोग विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. (प्रो.) हंसा बंजारा ने ईएनटी विभाग के अंतर्गत सफलतापूर्वक किए गए कॉक्लियर इम्प्लांट के पश्चात् शैक्षणिक क्षेत्र में सफल एवं शानदार प्रदर्शन के लिए दो मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। इनमें से भावना पटेल ने कक्षा 10 वीं में 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है एवं आदित्य तिवारी ने बी. एस. सी. (गणित) की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। डॉ. हंसा बंजारा एवं टीम ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा अभूतपूर्व प्रयासों के लिए उन्हें भेंट देकर प्रोत्साहित किया। डॉ. हंसा ने बताया कि ये बच्चे कॉक्लियर इम्प्लांट श्रवण यंत्र का इस्तेमाल करते हैं और इसकी सहायता से इन्हें सुनने में मदद मिलती है। इन बच्चों ने समाज को यह साबित कर दिखाया है कि सही समय रहते इम्प्लांट का इस्तेमाल कर समावेशी शिक्षा द्वारा आगे बढ़ा जाये तो ऐसे बच्चे समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर सकते हैं। ईएनटी विभाग की पूरी टीम ने दोनों छात्रों की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी हैं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लालागुड़ा बस्तानार में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम 23 जुलाई।** डी ए व्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल लालागुड़ा बस्तानार द्वारा गुरु पूर्णिमा का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों द्वारा अपने विद्यालय से सभी शिक्षकों आचार्य से आशीर्वाद लिया गया। विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष ज्योति प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ स्तुति की गई। तत्पश्चात विद्यालय के शिक्षकों द्वारा गुरु पूर्णिमा में गुरुओं के महत्व पर संक्षिप्त जानकारी बच्चों को प्रदान की गई। जिसमें उपनिषद युगीन आचार्य परंपरा उल्लेख करते हुए आचार्य शिष्य के अंत संबंधों पर चर्चा की गई तथा आचार्य गुरु विद्यार्थी के वैदिक स्वरूप का विश्लेषण किया।

इस उत्सव में विद्यालय के शिक्षक दिनेश सुनने अपना विचार प्रकट करते हुए कहा कि यह सारा जगत हमारा गुरु है जहां यह पेड़ विद्यालय आसमान सब हमें जीवन को सुगम बनाने का सीख देते हैं अर्थात संसार में माता-पिता अपने से बड़े सभी हमारे गुरु है इन्हीं वचनों के साथ उन्होंने गुरु शिष्य महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक कमल नारायण ने अपना विचार प्रकट करते हुए कहां की गुरु का अर्थ केवल पढ़ने वाला ही नहीं होता अपितु जीवन को किसी भी स्तर पर जिन व्यक्तियों से हमें सत्प्रेरणा मिलती है वह सभी गुरु है। इस उत्सव को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्य श्रीमती ममता पांडा ने गुरु पूर्णिमा के न्हयोतिषीय पक्ष को प्रकट करते हुए बताई की असर पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा )अन्य पूर्णिमाओं की अपेक्षा विस्तृत होती है। साथ ही ग्रीन डे उत्सव मनाते हुए वृक्षारोपण भी बच्चों से करवाया गया।अंत में प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापन किया।




# भाजपा महिला मोर्चा ने दंतेश्वरी मंदिर में की सामूहिक पूजा-अर्चना



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 23 जुलाई।** भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के आदेश अनुसार जिला अध्यक्ष एव क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी के सहमति एवं महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ममता गुप्ता के नेतृत्व में सावन के पहले सोमवार में महिला मोर्चा की टीम ने दंतेवाड़ा में माता दंतेश्वरी का दर्शन कर पूजा अर्चना किया एवं गुरु पूर्णिमा पर्व के अवसर पर मां दंतेश्वरी के बड़े पुजारी जिया बाबा को सम्मानित भी किया गया । इस मौके पर प्रदेश के पदाधिकारी सरिता ऊईके एवं महामंत्री पायल गुप्ता , महिला मोर्चा उपाध्यक्ष कमला बैरागी , सुमन ठाकुर , कुंती झरना , योगेश्वरी देवांगन , कौशल्या ठाकुर , कृष्णा राव , श्याम राव , गीतांजलि कुशवाह , विमला रावत , छबीला कोर्राम सभी महिलाएं उपस्थित रहे ।

## कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभावित होंगे

# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी दो दिनी हड़ताल पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर 23 जुलाई।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एंव एड्स नियंत्रण कर्मचारियों को नहीं मिल पाई 27 प्रतिशत संविदा वेतन वृद्धि और न पूरी हुई 18 सूत्रीय मांगें। इसे लेकर राज्यभर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे। उच्च अधिकारियों से वार्ता विफल हो गई। किसी भी मांग पर सहमति नहीं बनी और लिखित में कोई अश्वासन भी नहीं मिला।कर्मचारियों की समस्याएं जस-की-तस बनी हुई हैं।

संविदा कर्मचारियों का कहना है कि हमें है जन मानस की चिंता, इसलिए सिर्फ दो-2 दिवसीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन करेंगे। पिछले एक साल से हम छले जा रहे हैं, मांगे नहीं माने जाने पर आंदोलन का विस्तार किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था बिगड़ने का अंदेशा है। बीते एक साल से घोषित संविदा वेतन वृद्धि अप्राप्त है, 18 सूत्रीय मांगो पर कोई पहल नहीं हो रही है। वादों की बौछार हो रही है। कोरोना योद्धा लाचार हैं। 22 और 23 जुलाई को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी एवं एड्स नियंत्रण के कर्मचारी अपनी दो दिवसीय ध्यानाकर्षण प्रदर्शन पर जा रहे हैं। जिससे बस्तर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह चरमरा सकती है। जिला अस्पताल, शहरी स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर इसका सीधा प्रभाव देखने को मिलेगा। कई संस्थाएं लगभग बंद मिलेंगे। यह ए न ए च ए म कर्मचारियों के लिए दोहरी चिंता का विषय है।

कि वह पहले सरकार से 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग करें जो उन्हें 1 साल पहले ही मिल जानी चाहिए थी या नियमितीकरण की जो डबल इंजन सरकार ने मोदी की गारंटी में कहा था। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण कर्मचारी संघ के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि एवं नियमितीकरण सहित 18 बिंदुओं की मांग के संबंध में प्रदेश स्तरीय दो दिवसीय ध्यान आकर्षण प्रदर्शन करेंगे। एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा विगत 6 माह में वर्तमान सरकार को 24 बार से अधिक ज्ञापन एवं आवेदन दिया जा चुका है। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने के कारण कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि जुलाई 2023 में बजट सत्र के दौरान अनुपूरक बजट में 37000 संविदा कर्मचारियों के लिए 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि प्रदान किया गया था।

कर्मचारियों ने बताया कि वेतन वृद्धि लाभ स्वच्छता मिशन, मनरेगा, समग्र शिक्षा विभाग को मिल गया है जबकि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के 16000 संविदा कर्मचारियों को वेतन वृद्धि अब तक आप्राप्त है। जिसके कारण विवश होकर एनएचएम एवं एड्स नियंत्रण संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी बड़ी संख्या में रायपुर में ध्यान आकर्षण प्रदर्शन मेँ शामिल होंगे।

## नगर के शिवालयों में लगे भोलेनाथ के जयकारे

**डोंगरगढ़ 23 जुलाई।** प्रथम सावन सोमवार धर्मनगरी के शिवालयों में भोलेनाथ के भक्तजनों ने भक्तिभाव से पूजा अर्चना कर संसार के रचियता भगवान् शंकर से अपने व परिवार के लिए मनोवांछित फल की कामना करते आशीर्वाद प्राप्त किया। नगर के थाना चौक पिप्लेश्व महादेव, नीचे मंदीर स्थित शिव मंदीर जटाशंकर महादेव, रेलवे लोको शेड के पास मंदीर, रेलवे चौक शिव मंदीर, छिरपानी स्थित गणेश महादेव मंदीर सहित मुक्तिधाम स्थित मोहनी बाबा शिव मंदीर में प्रातः काल से बिना रुकावट बारिश के बीच भक्तजन बेलपत्र पूजा सामग्री ले भगवान् के दर्शन को लालायित दिखे। वहीं मुक्तिधाम स्थित मोहनी बाबा शिव मंदीर के सदस्यों की उपस्थिति में भंडारपुर रामायण मंडली के द्वारा प्रत्येक सोमवार को रामायण का आयोजन व प्रसादी वितरण किये जाने की जानकारी दी।



एक नजर

### प्राथमिक शाला कोसमंदा में मनाया गया टीएलएम दिवस



**रायगढ़, 23 जुलाई।** विकास खण्ड पुसौर अंतर्गत पंचपारा संकुल के शास.प्राथ.विद्यालय कोसमंदा में शासन के निर्देशानुसार एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री दिनेश कुमार पटेल, सीआरसी श्री शैलेन्द्र मिश्रा, बीआरसी श्री बोधराम साव एवं सीएसी श्री श्रवण कुमार साव के मार्गदर्शन में आज गुरु पूर्णिमा उत्सव सह शिक्षा सप्ताह के प्रथम दिवस टीएलएम दिवस के रूप में मनाया गया। मां शारदे की पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई, बच्चों ने अपने माता-पिता सहित शिक्षकों को चंदन तिलक कर सम्मान दिया। प्राचीन काल और वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई। बच्चों ने अपने प्रथम गुरु (मां) के साथ सुंदर प्रस्तुति दी। शिक्षा सप्ताह के उपलक्ष्य पर टीएलएम प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम में श्री अक्षय यादव, सुचित्रा सिदार, रात्रि चौहान, वृंदावती बारिक गांव के गणमान्य नागरिक सहित संस्था प्रमुख श्रीमती रंजिता महाणा, शिक्षिका सरोजिनी सिदार एवं श्रीमती सुजाता गुप्ता उपस्थित रहे।

### चक्रधर समारोह :कलाकार चयन के संबंध में समिति की हुई बैठक



**रायगढ़, 23 जुलाई।** 39 वें चक्रधर समारोह के सफल आयोजन को लेकर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल की अध्यक्षता में कलाकार चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा कलाकारों के नाम, विधा के संबंध में जानकारी देते हुए कलाकारों के चयन के संबंध में अपने प्रस्ताव रखे। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, सुश्री उर्वशी देवी सिंह, प्रिसेंस विजयश्री देवी सिंह, श्रीमती बासंती वैष्णव, श्री भूपेन्द्र बरेठ, श्री देवेश शर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी श्रीमती ज्योति सिंह, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, प्रो.अम्बिका वर्मा, श्री नटवर सिंघानिया उपस्थित रहे।

### घरघोड़ा तहसील मुख्य मार्ग पर खसरा नंबर 472/3 की जमीन है निजी स्वामित्व में, तहसीलदार ने दी जानकारी

**रायगढ़, 23 जुलाई।** समाचार पत्रों में घरघोड़ा तहसील के रायगढ़ मुख्य मार्ग पर स्थित भूमि ख.नं.472/3 रकबा 0.506 हे. का उल्लेख शासकीय भूमि के रूप में किया गया था। इस संबंध में तहसीलदार घरघोड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त जमीन निजी स्वामित्व में है, जो वर्तमान में कमला पिता अनंत सिंह जाति घसिया के नाम पर दर्ज है। उन्होंने बताया कि
हल्का पटवारी के प्रतिवेदन के अनुसार वर्ष 2014-15 में ख.नं.472/3 रकबा 1.011 हे. भूमि अनंत सिंह पिता सुधु जाति घसिया के नाम पर दर्ज थी। अनंत सिंह के फौती नामांतरण उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार घरघोड़ा के राजस्व प्रकरण में 202202041500021/अ-6/ 2021-22 में पारित आदेश के अनुसार अनंत सिंह के वारिसान कमला वगैरह का नाम भूमि पर दर्ज हुआ। जिसके पश्चात न्यायालय नायब तहसीलदार के पारित आदेश के अनुसार खाता विभाजन के उपरांत ख.नं. 472/3 रकबा 0.506 हे.भूमि कमला पिता अनंत सिंह जाति घसिया के नाम पर दर्ज हुआ है। उक्त भूमि का नक्शा दुरूस्त है। जिस पर बाउण्ड्रीवाल निर्मित है। आवेदिका कमला पिता अनंत सिंह के अनुसार उसकी भूमि स्वामी की भूमि पर किसी भी अन्य व्यक्ति का कब्जा नहीं है। उक्त भूमि वर्ष 2014-15 के अभिलेखों से अनंत सिंह पिता सुधु के नाम पर दर्ज थी। उसके फौत उपरांत उसकी पुत्री कमला का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज किया गया। वर्तमान कमला उक्त भूमि पर काबिज है।

### प्लेसमेंट कैम्प 25 जुलाई को, 95 पदों पर होगी भर्ती

**रायगढ़, 23 जुलाई।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 25 जुलाई 2024 को प्रातः10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रिक्त 95 पदों पर भर्ती की जाएगी। योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मे.अदानी पावर लिमिटेड रायगढ़ में अप्रेन्टिस, मे.चैतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्रा.लि.रायगढ़ द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप एक्जीक्यूटिव, मे.जुबीलिऐंट फूड (डोमिनोस)वर्क्स लि.रायगढ़ द्वारा डिलीवरी एक्जीक्यूटिव तथा मे.रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड रायगढ़ द्वारा होम सेल्स ऑफिसर (एचएसओ), जियो फाईबर इंजीनियर, जियो फाईबर एसोसिएट, एयर फाईबर इंजीनियर तथा जियो डिवाइस सेल्स स्पेशलिस्ट के पदों पर भर्ती की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### लेटरल एन्ट्री से भर्ती के लिए 31 जुलाई तक मंगाये गये आवेदन

**रायगढ़, 23 जुलाई।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छोटेमुड़पार खरसिया जिला-रायगढ़ में कक्षा 8वीं, 9वीं और 11वीं में रिक्त सीटों पर भर्ती हेतु लेटरल एन्ट्री के माध्यम से 31 जुलाई 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। संस्था के प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 8वीं में 01 सीट, कक्षा 9वीं में 02 सीट और कक्षा 11वीं में गणित एवं जीवविज्ञान संकाय हेतु कुल 20 सीट रिक्त हैं।

# भैरमगढ़ नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमती मांझी ने संभाला मोर्चा





## बाढ़ पीड़ितों से मिलकर राशन और जरूरी सामग्री का किया वितरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 23 जुलाई।** बीतें तीन दिनों से बीजापुर जिले में मुसलाधार बारिश हो रही है जिससे जिले का आम जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया है। जिले में हो रही मूसलाधार बारिश से नगर पंचायत भैरमगढ़ के वार्डों में जलभराव होने से बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई और कई लोगों के मकान क्षतिग्रस्त हो गये है। बाढ़ की गंभीर स्थिति को देखते हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों में रेस्क्यू किया गया है। वही दूसरी और जब से भैरमगढ़ में बाढ़ की स्थिति हुई है तब से लगातार बाढ़ की स्थिति से निपटने नगर पंचायत भैरमगढ़ की अध्यक्ष सुखमती माँझी स्वयं ही मोर्चा सम्भाले हुई है और नगर पंचायत अध्यक्ष सुखमती माँझी ने सोमवार को भी नगर के पार्षदों के साथ बाढ़ पीड़ितों से मिली और बाढ़ पीड़ितों को राशन और ज़रूरी सामग्रियों का वितरण किया साथ ही अधिकारियों से चर्चा कर बाढ़ पीड़ितों को हुए नुक़सान का जायज़ा लेने, सभी बाढ़ पीड़ितों को हुए नुक़सान के प्रकरण तैयार करने और सभी बाढ़ पीड़ितों को उचित मुआवज़ा जल्द से जल्द दिलाये जाने की माँग शासन प्रशासन से की है। इस दौरान जनपद उपाध्यक्ष भैरमगढ़ सहदेव नेगी, भैरमगढ़ के पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद सुखदेव नाग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरमगढ़ के अध्यक्ष लच्छुराम मौर्य, सीताराम माँझी, पार्षद सियाराम नेगी, दुरूसाय कुपाल, सरोज शर्मा, सरिता कश्यप, देवनाथ नेगी और अभिषेक सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रेडक्रॉस सदस्यता अभियान को दें बढ़ावा:कलेक्टर

**रायगढ़, 23 जुलाई।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रायगढ़ श्री कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रायगढ़ के कार्यकारिणी समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। कलेक्टर श्री गोयल ने रेडक्रॉस सोसाइटी के माध्यम से लोगों को बेहतर सेवा प्रदाय किए जाने के लिए स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में भी जनभागीदारी की गतिविधियां अधिक से अधिक संचालित करते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रेडक्रॉस में सदस्यता अभियान को बढ़ाया जाए जिससे जरूरतमंद लोगों के लिए चलने वाली सेवा गतिविधियों का दायरा विस्तृत हो। इसमें जूनियर और यूथ रेडक्रॉस के तहत महाविद्यालयों में उन्होंने रेडक्रॉस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर और जतन केंद्र में संचालित फिजियोथेरेपी सेंटर के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री गोयल ने जतन केंद्र स्थित फिजियोथेरेपी सेंटर के संचालन के बारे में जानकारी ली। यहां भवन के मरम्मत के साथ नए उपकरणों की आवश्यकता बताई गई। कलेक्टर श्री गोयल ने भवन का निरीक्षण कर जरूरी कामों का प्राक्कलन बनाने के निर्देश दिए। साथ ही आवश्यक उपकरणों की अप्रूव्ड सूची प्रस्तुत करने के निर्देश



दिए। कलेक्टर श्री गोयल ने रेडक्रॉस सोसायटी के काम-काज की समीक्षा की। रेडक्रॉस में किफायती दरों पर दवा की उपलब्धता के साथ ही नई उप शाखा खोलने पर चर्चा हुई। कलेक्टर श्री गोयल ने मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर की उप शाखा खोलने की कार्यवाही खोलने ली प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी, डॉ.एच.एस.उरांव, सिविल सर्जन डॉ.उषा किरण भगत, श्री संतोष अग्रवाल, प्रो.अम्बिका वर्मा, श्री मुकेश शर्मा, श्री रामनिवास मोड़ा, श्री विजय अग्रवाल, श्री बी.के.सिंह, श्री हेमंत वर्मा, श्री संजीव चौहान, श्री दिनेश अग्रवाल, श्री गोपी ठाकुर, डॉ.मुकुन्द अग्रवाल, श्री मदन गर्ग, श्री नटवर अग्रवाल, श्री शिव शर्मा, श्री युसूफ छाया सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**निर्धारित मानक अनुसार हो नए वृद्धाश्रम भवन का डिजाइन**

बैठक में वृद्धाश्रम के लिए नवीन भवन निर्माण के संबंध में चर्चा हुई। कलेक्टर श्री गोयल ने वृद्धजनों की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित मानकों के अनुसार भवन का ड्राइंग डिजाइन बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश में दूसरी जगह पर बने वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण कर वहां तैयार की गई अच्छी सुविधाओं को डिजाइन में शामिल करने के लिए कहा। जिससे वृद्धजनों को वहां रहने में आसानी हो।

**कॉलेज स्टूडेंट्स को दें सीपीआर की ट्रेनिंग**

महाविद्यालयीन छात्रों को रेडक्रॉस की गतिविधियों से जोड़ने की बात कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में कही। बैठक में समिति सदस्यों की ओर से कॉलेज स्टूडेंट्स को सीपीआर ट्रेनिंग दिए जाने का सुझाव आया। इस पर कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि हार्ट अटैक जैसी आपात कालीन स्थिति में सीपीआर मरीज की जान बचाने में काफी सहायक होती है। यह एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जिसे ट्रेनिंग से सीखा जा सकता है। उन्होंने रेडक्रॉस के माध्यम से डॉक्टरों द्वारा कॉलेज स्टूडेंट्स को सीपीआर प्रक्रिया सिखाने के लिए ट्रेनिंग सेशन की रूपरेखा तैयार करने की बात कही।

**रेडक्रॉस ने पिछले एक साल के काम काज दिया ब्यौरा**

बैठक के दौरान रेडक्रॉस के सचिव द्वारा बताया गया कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 के बीच रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर्स से किफायती दवाओं के वितरण के साथ 28 रक्तदान शिविर से 646 ब्लड यूनिट एकत्र किए गए। 27 मरीजों को निःशुल्क एंबुलेंस सेवाएं प्रदान की गई। वहीं 22 लावारिस लाशों का कफन-दफन किया गया। 9291 मरीजों को फिजियोथेरेपी की सुविधा और 155 जरूरतमंद मरीजों को कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। साथ ही 20 ऑक्सीजन सिलेंडर, 03 व्हीलचेयर, 02 वाटर बेड और 03 मरीज को एयर बेड उपलब्ध कराया गया। आशा निकेतन वृद्धाश्रम का संचालन भी किया जा रहा है। जिसमें 10 पुरुष आज 27 महिलाएं सहित कुल 37 लोग निवासरत हैं।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित जिले के समस्त आवासीय विद्यालयों में मनाया गया गुरु पूर्णिमा पर्व



**बीजापुर,23 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सोमवार को बीजापुर जिले के समस्त आवासीय संस्था में गुरू पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बीजापुर मुख्यालय के कस्तूरबा आवासीय स्कूल में स्कूली छात्राओं ने इस अवसर पर विद्यालय के गुरूजनों को तिलक लगाकर पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिए शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए हमेशा कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।इस मौके पर शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने मां सरस्वती का पूजन कर सरस्वती वंदना किए

# नटवर स्कूल में गुरुपूर्णिमा पर्व पर 12 छात्राओं को साइकिल वितरण किया



रायगढ़, 23 जुलाई। राज्य शासन के निर्देशानुसार स्थानीय शासकीय नटवर इंग्लिश अंग्रेजी माध्यम स्कूल में हर्षोल्लास के साथ गुरु पूर्णिमा का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री के. आर.मेहर एवं श्री एन.के.स्वर्णकार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री राजेन्द्र कलेत द्वारा गुरु शिष्य के पारस्परिक संबंध एवं उनके दायित्वों पर प्रकाश डाला गया। व्याख्याता श्री प्रहलाद पटेल द्वारा वर्तमान में गुरु के महत्व के बारे में जानकारी दी। मौके पर मुख्य अतिथियों ने अपने अनुभव को छात्रों को साझा किया गया। कार्यक्रम के अंत मे छात्र-छात्राओं द्वारा गुरु की महिमा थीम पर संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।गुरुपूर्णिमा कार्यक्रम के उपरांत सरस्वती साईकल योजना के अंतर्गत छात्राओं को स्थानीय जनप्रतिनिधि श्री मनीष कंकरवाल, शिक्षा विभाग से श्री भुवनेश्वर पटेल एवं श्री भूपेंद्र पटेल एपीसी के द्वारा शासन द्वारा प्रदत्त निःशुल्क साईकल कक्षा 09 में पढ़ने वाले 12 बच्चों को वितरित किया गया। इस दौरान श्री राजेन्द्र कलेत, श्री विकास मिश्रा, श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्रीमती विस्मिता मिश्रा, उषा चंद्रा, श्रीमती सरिता साहू, पुष्पलता भट्टाचार्य, उषा चंद्रा, पुष्पांजलि दाशे, मनीषा गुप्ता और पालक उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन श्री विकास मिश्रा ने किया। बच्चों ने मनाई शिक्षा सप्ताह-राज्य के निर्देशानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मे एनईपी 2020 के अंतर्गत आज शिक्षकों को टीएलएम द्वारा अध्यापन करवाया गया, जिसका निरीक्षण मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया एवं उन्हें टीएलएम की विशेषताएं बताई गई कि किस प्रकार यह अध्यापन को सुरुचिपूर्ण मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक बनाता है। अतिथियों ने इन विधियों की प्रशंसा की, टीएलएम में राजेन्द्र कलेत, विकास मिश्रा एवं सरिता साहू ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए।

### खरीफ फसलों के लिए मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू

**रायगढ़, 23 जुलाई।** उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे कृषको के लिए खरीफ फसल हेतु टमाटर, बैगन, अमरुद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक के लिये वर्ष 2024-25 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ में लागू हो गई है। रायगढ़ जिले के ईच्छुक ऋणी/अऋणी कृषक 31 जुलाई 2024 तक लोक सेवा केन्द्र, बैंक शाखा, सहकारी समिति या बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इन्श्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपने उद्यानिकी फसलों का बीमा करवा सकते है। इस हेतु बीमा कंपनी के राज्य स्तरीय प्रतिनिधि श्री कपिल विश्वकर्मा मोबाईल नं.-7906655061 एवं जिला स्तरीय प्रतिनिधि श्री संजीव कुमार साहू मो.न.-7489601443 से संपर्क कर सकते है।

### प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बीजापुर,23 जुलाई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा से पीड़ित परिवार को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अर्न्तगत नदी में डुबने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक मुकेश कुमार कविराज के निकटतम वारिस उनकी माता श्रीमती निर्मला कविराज को 4 लाख रूपए की स्वीकृति दी गई है। इसी तरह सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतक बामन मड़काम के निकटतम वारिस उनकी पत्नि श्रीमती पालो मड़काम को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

### विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण की स्थापना

**बीजापुर 23 जुलाई ।** किशोर न्याय (बालको की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 यथा संशोधित अधिनियम 2021 की धारा 41 के प्रावधानों के तहत जिले में प्राप्त होने वाले देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले 06 वर्ष से कम आयु के बालकों यथा अनाथ, बेसहारा, परित्यक्त, अभ्यर्पित बालक भिक्षुक बाल तस्करी से पीड़ित, शोषण का शिकार, सड़क पर रहने वाले आदि बालकों को संरक्षण प्रदान करने के लिए जिला बीजापुर में बाल देखरेख संस्था यथा विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण Specialized Adoption Agency (10 बच्चों की होगी) संचालन के इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अशासकीय संस्था /ध्संगठन से आवेदन आमंत्रण किये जाने हेतु राज्य स्तर से अभिरूची का प्रस्ताव संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 19 जुलाई 2024 को प्रकाशित करा राज्य के वेबसाइट https://www.cgwcd.gov.in एवं https://www.cgstate.gov.in में उपलब्ध कराया गया है। अतः जिले में इच्छुक अनुभवी एवं योग्य अशासकीय संस्था निर्धारित आवेदन प्रारूप प्रपत्र 27 में संलग्न कर 06 अगस्त 2024 तक कार्यालयीन समयावधि में जमा कर सकते है।

# कानून व्यवस्था के लिए फील्ड में अलर्ट रहकर काम करें अधिकारी:कलेक्टर



**रायगढ़, 23 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के साथ जिले में लॉ-ऑर्डर को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें सभी एसडीएम, तहसीलदार सहित पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर श्री गोयल ने अधिकारियों से कहा कि अपने प्रभार वाले क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर अलर्ट रहकर काम करें। आपसी समन्वय के साथ सूचनाओं के आदान-प्रदान पर जोर दिया।

बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने विस्फोटक भंडारण के लिए जारी लाइसेंस की जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने शर्त के निर्देशों के अनुरूप भंडारण गतिविधि चल रही है या नही यह देखने के लिए कहा और उल्लंघन पर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश भी दिए। बिजली विभाग को हाईटेंशन तारों को लेकर निगरानी करने के लिए कहा। जिससे किसी प्रकार की दुर्घटना या अप्रिय स्थिति न हो। उन्होंने परिवहन, पर्यावरण और यातायात विभाग को सड़कों पर फ्लाई ऐश का परिवहन तारपोलिन ढंक कर किए जाने की जांच के निर्देश दिए। ओवरलोड गाड़ियों पर भी कार्यवाही के लिए कहा। सड़कों पर ट्रैफिक मैनेजमेंट पर विशेष जोर देते हुए कहा कि सड़क पुल-पुलिया के रख-रखाव की मॉनिटरिंग विभागीय अधिकारी निरंतर करें। कहीं सुधार या मरम्मत की जरूरत है तो सक्रियता से उसे समय पर कर लें। इसमें लापरवाही नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने डीजे, लाउड स्पीकर व ध्वनि विस्तारक यंत्रों के लिए तय ध्वनि सीमा और 10 बजे के बाद उपयोग नहीं किए जाने और अन्य गाइडलाइंस के अनुसार ही उपयोग सुनिश्चित करने के लिए कहा।पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने कहा कि धार्मिक सामाजिक आयोजनों में विशेष सतर्कता बरतते हुए काम करें। समाज के वरिष्ठ जनों से निरंतर संवाद रखें। जिससे आपसी सौहार्द्र बना रहे। उन्होंने अशांति फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उचित कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने फील्ड के अधिकारियों को कोई घटना होने पर आपस में सूचना साझा करते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर उचित कार्यवाही व राहत बचाव कार्य करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, अपर कलेक्टर श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एडिशनल एसपी श्री आकाश मरकाम, सीएसपी श्री आकाश शुक्ला सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, तहसीलदार, थाना प्रभारी सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी बैठक में उपस्थित हुए।

**मादक पदार्थों पर लगातार हो कार्रवाई**

कलेक्टर श्री गोयल ने अवैध शराब और मादक पदार्थों की तस्करी, नशीली दवाओं की अवैध बिक्री पर लगातार कड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। समीक्षा के दौरान आबकारी विभाग से की गई कार्यवाही का अपडेट लिया। उन्होंने कहा कि आबकारी विभाग मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही बढ़ाए। एनडीपीएस एक्ट के तहत नारकोटिक्स और ड्रग्स के विरुद्ध जांच और कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने पुलिस विभाग के साथ फील्ड में संयुक्त रूप से कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया।

**साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता जरूरी**

कलेक्टर श्री गोयल ने सायबर जागरूकता को लेकर पुलिस विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल ने बताया कि 'साइबर सुबह' अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन साइबर फ्रॉड के तरीके और उससे बचने के उपायों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी प्रकार चलित थानों के माध्यम से भी लोगों को साइबर फ्रॉड को लेकर जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर श्री गोयल ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही।

### खरीफ सिंचाई के लिए केलो बांध से छोड़ा गया पानी

**रायगढ़, 23 जुलाई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में केलो बांध से खरीफ सिंचाई हेतु पानी 22 जुलाई 2024 को दोपहर 1 बजे से छोड़ा गया है। कार्यपालन अभियंता केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग रायगढ़ श्री मनीष गुप्ता ने बताया कि ने इस संबंध में समस्त अनुविभागीय अधिकारी केलो परियोजना सर्वेक्षण संभाग को नहरों की अपने अमले सहित सतत् पेट्रोलिंग व निगरानी करने, नहरें क्षतिग्रस्त न हों, जल का अपव्यय न हों, यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्यालय से पूर्व में जारी बांध निगरानी हेतु भी कर्मचारी लगाए गए है। किसान सिंचाई के लिए नहर से पानी ले सकते है।

### जवानों ने प्रसुता को रेस्क्यू कर नम्बी धारा नदी से कराया पार



**बीजापुर 23 जुलाई ।** नम्बी नयापारा निवासी श्रीमति माड़वी जागी पति माडवी आन्दा उम्र 24 वर्ष का समय से पूर्व डिलीवरी होने से उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उसूर जाना था ।उसूर एवं नम्बी के मध्य पड़ने वाले नम्बीधारा नदी में अत्यधिक पानी होने से कैम्प नम्बी केरिपु 196 एवं 205 के जवानों के द्वारा नवजात शिशु एवं माता को सुरक्षित नदी पार कराया नवजात शिशु एवं माता सुरक्षित है एवं उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र उसूर रवाना किया गया ।

### जिले में अब तक 936.9 मिमी. वर्षा दर्ज

बीजापुर 22 जुलाई । जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 936.9 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक वर्षा 1151.4 मिमी. औसत वर्षा बीजापुर में दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक बीजापुर तहसील 1151.4 मिमी. वर्षा, भैरमगढ़ तहसील में 1085.2 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 950.2 मिमी. वर्षा, उसूर में 669.2 मिमी. वर्षा, कुटरू में 1025.0 मिमी. वर्षा एवं गंगालूर में 740.5 वर्षा दर्ज की गई है।

# विधानसभा में गूंजा जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा

**रायपुर 23 जुलाई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन जल जीवन मिशन में गड़बड़ी का मुद्दा उठा. भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने कहा जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी हुई है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सभी 90 विधानसभा में संचालित कार्यों की समीक्षा की बात कही. मंत्री अरुण साव ने विधायकों के सुझाव पर अमल करते हुए परीक्षण करने की घोषणा की.

भाजपा विधायक धरम लाल कौशिक ने सदन में जल जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी का हवाला देते हुए कहा बिल्हा विधानसभा में सिर्फ 10 प्रतिशत काम हुआ है. भाजपा विधायक धर्मजीत सिंह ने सभी 90 विधानसभा में संचालित कार्यों की समीक्षा की बात कहते तंज कसा कि कांग्रेस सरकार में गधे-गंवारों को काम मिलता रहा है.

मंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में कुल 883 संस्थाओं का फर्म को पंजीकृत किया गया है. अनिमियता पाए जाने के बाद 79 संस्थाओं का पंजीयन निरस्त किया गया. लगातार विभाग को दुरस्त को किया जाए. कार्य में लापरवाही बरतने वाले 9 अधिकारी और कर्मचारी निलंबित किए गए. जहां पर भी गड़बड़ी पाई जाएगी उस पर कठोर कार्रवाई की जाएगी.

धरम लाल कौशिक ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र के दो ब्लॉक में सिर्फ 10 प्रतिशत काम हुआ है. इस पर अरुण साव ने कहा कि सदस्य की जो शिकायत उस पर जाँच कराएंगे. धर्मजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार में हुई गड़बड़ी हुई है. जिसका नतीजा ये है कि सभी 90 विधानसभा में यह योजना दम तोड़ रही है. आसंदी आग्रह करता हूँ कि सभी विधानसभा में कार्यों की समीक्षा की जाए. अरुण साव ने कहा सदस्य के सुझाव पर काम होगा.

कांग्रेस विधायक संगीता सिन्हा ने बालोद विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में अपूर्ण कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि काम कहीं नहीं हो रहा है. मंत्री जी बताए कि पूर्णता की परिभाषा क्या? इस पर अरुण साव ने परीक्षण कराने की बात कही.विधानसभा में कांग्रेस विधायक कवासी लखमा ने बस्तर संभाग में ब्रिज निर्माण का मामला उठाया. उन्होंने पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव से बस्तर संभाग में ब्रिज निर्माण की जानकारी मांगी. 2020 से 2024 तक अब तक संभाग में कौन कौन से ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई? जितने ब्रिज निर्माण की स्वीकृति थी उनमें से लक्ष्य कब तक था? कितने निर्माण हुए? कितने बाकी और क्यो?

इस पर मंत्री अरुण साव ने बताया कि 2020 से मार्च 2024 तक बस्तर संभाग में 95 ब्रिज निर्माण की स्वीकृति दी गई. बस्तर में 7 ब्रिज की स्वीकृति, दंतेवाड़ा में 4 , बीजापुर में 9 सुकमा में 9 , कोंडागांव में 19 और नारायणपुर जिले में 37 ब्रिज की स्वीकृति हुई है. यह पूरा काम 768.098 लाख करोड़ में होना स्वीकृत हुआ है.उन्होंने बताया कि स्वीकृत ब्रिज में से 19 ब्रिज का काम पूरा हो चुका है. 45 ब्रिज का काम प्रगति पर है. अभी तक 5 ब्रिज का काम निरस्त जिसकी फिर से निविदा निकाली जा रही है. 25 ब्रिज के कार्य निविदा भी प्रगति पर है. एक ब्रिज का काम जमीन नही मिलने के कारण निरस्त किया गया है. अरुण साव ने कहा कि बस्तर के विकास के लिए विष्णुदेव साय प्रतिबद्ध है. साय सरकार अपनी प्रतिबद्धता पर खरा उतरेगी.

मानसून सत्र के दूसरे दिन सत्ता पक्ष के विधायक ने सदन में अपनी ही सरकार को घेरते हुए उद्योग क्षेत्र में काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य का मामला उठाया. औद्योगिक क्षेत्र सिलतरा में खतरनाक श्रेणी में आने वाली फैक्ट्रियों का मामला उठाते हुए भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने फैक्ट्रियों में काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य के लिए कारखानों में लगने वाले जांच शिविर की जानकारी मांगी. उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने जवाब में बताया कि 6 फैक्ट्रियों में स्वास्थ्य जांच शिविर नहीं लगाने की जानकारी मिली है, जिनके खिलाफ श्रम न्यायलय में परिवाद दायर किया गया है.

अनुज शर्मा ने सदन में विभाग से मिली जानकारी पर कहा कि 108 फैक्ट्रियों में स्वास्थ्य शिविर नहीं लगा है. मंत्री जी का जवाब सही नहीं है. विभाग ने मंत्री जी को गलत जानकारी दी है. गुमराह करने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए. मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि विधायक अनुज शर्मा जनकारी दे दें मामले में परीक्षण करा लूंगा।

## बिजली कटौती और खाद बीज पर गर्भगृह में आए कांग्रेसी विधायक निलंबित



विधानसभा में आज बिजली कटौती और किसानों को मिलने वाले खाद बीज का मामला गूंजा। विपक्ष ने इस पर स्थगन प्रस्ताव लाकर चर्चा कराने की मांग की परंतु स्पीकर ने इसे अस्वीकार कर दिया। इससे नाराज होकर कांग्रेस विधायक गर्भगृह में घुसकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। सदन के नियमानुसार कांग्रेस के सभी सदस्य निलंबित हो गए। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही भोजन अवकाश तक स्थगित करने की घोषणा कर दी।

## बलौदाबाजार हिंसा पर गृह मंत्री विजय शर्मा का बड़ा बयान, षड्यंत्र का होगा पर्दाफाश

बलौदाबाजार में हुई हिंसा और आगजनी के मामले में छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इस घटना को षड्यंत्र बताते हुए कहा कि इसकी गहन जांच चल रही है और इसके पीछे के षड्यंत्र का पर्दाफाश किया जाएगा। गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाइयां होंगी। विजय शर्मा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि बलौदाबाजार में जो हिंसा और आगजनी हुई है, वह किसी साजिश का हिस्सा हो सकती है। उन्होंने बताया कि जांच एजेंसियां इस मामले की पूरी तरह से जांच कर रही हैं और जल्द ही पूरे षड्यंत्र का खुलासा किया जाएगा। गृह मंत्री ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर सामाजिक लोगों की एक समिति बनाई गई है, जिसने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट की भी जांच चल रही है और इसमें जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी। कांग्रेस के स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा न होने के सवाल पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने स्पष्ट किया कि न्यायिक जांच के चलते स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि सदन में जितना बोला गया है, उतना ही विषय है और इस मामले पर चर्चा का उचित समय नहीं है।

## एक नजर

### न्यायालय के गेट के पास खड़ी बाइक पार

**रायपुर, 23 जुलाई।** पंडरी रोड न्यायालय गेट नंबर 3 के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैयद अनवर अली 30 वर्ष लक्ष्मीनगर मोवा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केजे 4489 को पंडरी रोड स्थित न्यायालय के गेट नंबर 3 के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन लॉन्च करेगी

**रायपुर 23 जुलाई।** भारत की जानी-मानी टेक्नोलॉजी कंपनी इंडकल टेक्नोलॉजीज़ ने आज एसर इनकॉर्पोरेटेड के साथ ट्रेडमार्क लाइसेंसिंग समझौते के तहत स्मार्टफोन बाजार में प्रवेश करने की घोषणा की है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ एक ग्लोबल आईसीटी दिग्गज है, जो अपनी खास टेक्नोलॉजी और शानदार उत्पादों के लिए जानी जाती है। इस समझौते के तहत, इंडकल भारत में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन की डिजाइनिंग, उत्पादन और वितरण करेगी। यह रणनीतिक डील भारतीय बाजार में एसर-ब्रांडेड स्मार्टफोन की शुरूआत का संकेत है। इसके साथ ही नवाचार और विस्तार के एक नए युग की शुरुआत भी होती है। इंडकल टेक्नोलॉजीज़ 2024 के मध्य में एसर ब्रांड के तहत स्मार्टफोन मॉडल्स की एक विस्तृत श्रृंखला लॉन्च करेगी। उम्मीद है कि कंपनी जल्दी ही बाजार में मजबूत और बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर लेगी। यह प्रयास एसर की ब्रांड की ताकत और भारतीय उपभोक्ताओं को प्रीमियम-गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध कराने की इंडकल की प्रतिबद्धता को स्पष्ट करता है, जिसमें मजबूत स्पेसिफिकेशन, अत्याधुनिक हार्डवेयर और उन्नत सॉफ़्टवेयर तकनीकें शामिल हैं।

### सरेआम शराब पीते 8 पकड़ाए

**रायपुर, 23 जुलाई।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड में सरेआम शराब पीते आरोपी विनय श्रीवास्तव 32 वर्ष, आशीष सिंह 34 वर्ष व खोमान साहू 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी चंद्रदेव पण्डित 52 वर्ष, पवन साव 36 वर्ष व ओमनारायण साहू 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह मोवा पुलिस ने आरोपी नागेंद्र नेताम 27 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी योगेश कोसले 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### केंद्रीय बजट से कृषि एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा : अशोक बजाज

**रायपुर 23 जुलाई।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट बहुत ही सराहनीय है तथा इसमें सभी वर्गों एवं क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। श्री बजाज ने कहा कि कृषि के लिए 1.52 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है इसी प्रकार ग्रामीण विकास के लिए 2.66 लाख करोड रुपए का प्रावधान किया गया है । मुद्रा लोन की सीमा 10 लाख से बढ़कर 20 लाख किया गया। इस प्रकार यह बजट बहुत ही सराहनीय है तथा इस बजट से कृषि एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिलेगा।



### दुकान का ताला तोड़कर नकदी सहित लाखों का सामान पार

**रायपुर, 23 जुलाई ।** श्रीराम चौक बरसाना इंक्लेव स्थित पान मसाला दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 18 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी योगेश वाधवानी 24 वर्ष ईदगाहभाठा का रहने वाला है। प्रार्थी श्रीराम चौक बरसाना इंक्लेव के सामने पानमसाला का दुकान चलाता है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 18 हजार रुपए व अन्य सामान पार कर दिया।

### दुकान के गल्ले से दो लाख रुपये चोरी करने वाला गिरफ्तार

**रायपुर, 23 जुलाई।** राजधानी के उरला थाना क्षेत्र स्थित मेटल पार्क की एक दुकान से दो लाख रूपये चोरी कर फरार होने वाले कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा उसके पास से चोरी की रकम बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार विद्या ट्रेडर्स के नाम से मेटलपार्क रोड में बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का कार्य करने वाले हेम कुमार साहू ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके यहाँ काम करने वाला आकाश जांगड़े नामक कर्मचारी ने दुकान के गल्ले से नगदी 2 लाख एक हजार चोरी कर लिया।

## सांसद के बंगले के बाहर गिरा विशाल पेड़

**रायपुर,23 जुलाई।** राजधानी रायपुर में लगातार दो दिनों से बारिश हो रही है. बारिश के चलते आज वीआईपी इलाके शंकर नगर के मुख्य मार्ग में सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बंगले के सामने कई साल पुराना पेड़ धराशाई हो गया. इस घटना में एक स्कूटी सवार महिला पेड़ की चपेट में आने से घायल हो गई और 2 अन्य दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए. घायल महिला को पुलिस और स्थानीय लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, जहां महिला का उपचार जारी है. वहीं विशाल पेड़ गिरने से शंकर नगर मुख्य मार्ग में काफी समय तक लंबा जाम लगा रहा. मौके पर पहुंची सिविल लाईन थाना पुलिस और स्थानीय लोगों ने जेसीबी की मदद से पेड़ को रास्ते से हटाया।

## कांग्रेस का विधानसभा घेराव 24 को

**रायपुर,23 जुलाई।** कांग्रेस प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और अन्य मुद्दों को लेकर कल विधानसभा का घेराव करेगी. प्रदर्शन में कांग्रेस के सभी बड़े नेताओं के साथ-साथ प्रदेश भर के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे. यातायात पुलिस ने विरोध प्रदर्शन में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं के लिए पार्किंग स्थल और रूट चार्ट जारी किया है. जिसमें अलग-अलग जिलों से आने वाले लोगों के लिए मार्ग तय किया गया है।

# विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री का वितरण

**रायपुर 23 जुलाई।** गुरु पूर्णिमा के अवसर पर रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने सौ कुसुम ताई दाबके प्राथमिक शाला के शिक्षकों का श्रीफल , फूल एवं मिठाई देकर सम्मानित किया । इस अवसर पर वार्ड की पार्षद डॉ सीमा कंदोई ने मुख्य अतिथि की आसंदी से बोलते हुए गुरु की महिमा बताई एवं छात्र छात्राओं को अपने गुरुओं का आदर करते हुए उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने की सलाह दी । रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत , डॉ मनोज ठाकुर , अनघा करकशे , अंजली शितूत, डॉ कृष्णा दास एवं कुंती साहू ने छात्र छात्राओं को पाठ्य सामग्री का वितरण किया । इस अवसर पर शाला समिति के सचिव शेखर राव साहेब अमीन , प्राचार्या उषा बाघमार सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थी । कार्यक्रम का संचालन प्रधान अध्यापक जितेंद्र सेन ने किया । इसके पश्चात मेकाहारा मे भर्ती मरीजों के परिजनों को निशुल्क भोजन भी संस्था के द्वारा करवाया गया । अन्य स्कूलों के पांच अन्य जरूरतमंद बच्चों को भी पाठ्य सामग्री प्रदान की गई ।



## भूपेश बघेल ने विस में उठाया पीएम आवास का मुद्दा

**रायपुर,23 जुलाई।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सदन में प्रधानमंत्री आवास योजना का मुद्दा उठाया. उन्होंने कहा कि 18 लाख आवास बनाने की योजना का जो विज्ञापन जारी हुआ है. क्या शहरी आवास इसमें शामिल है या नहीं? पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव ने बताया कि शहरी आवास 18 लाख आवास के भीतर ही है.

विधानसभा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सवाल किया कि शहरी क्षेत्रों में आवास के कितने डीपीआर बनकर केंद्र को भेजा गया है. इस पर मंत्री अरुण साव ने कहा कि पिछली सरकार में 19 हज़ार 906 आवास बनाने का डीपीआर केंद्र को भेजा गया है. इस पर भूपेश बघेल ने पूछा कि केंद्र को भेजे गये कितने आवास की स्वीकृति दी गई है. साव ने कहा कि नए आवास की स्वीकृति अब तक केंद्र से नहीं मिली है. भूपेश बघेल ने कहा कि पिछले आठ महीनों में एक भी आवास बनाने का प्रस्ताव नहीं भेजा गया है. मंत्री ने कहा कि आवास बनाने का मापदंड है कि कितने मकान स्वीकृत है. भेजे गये प्रस्ताव की स्वीकृति के बाद नये प्रस्ताव भेजे जाएँगे. इस पर भूपेश बघेल ने कहा कि कच्चे मकान का पट्टा देना राज्य सरकार के हाथ में हैं. कच्चे मकान को पक्का करने का डीपीआर बनाकर केंद्र को स्वीकृत के लिए भेजा जाता है. साव ने कहा कि पट्टा वाले मकान को लेकर सरकार विचार कर रही है. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आवास योजना को नौ साल हो गये हैं. मकान बनाना खर्चीला हो गया है।

# 5 जोन कमिश्नर बदले गए

**रायपुर 23 जुलाई।** राजधानी में आगामी नगरीय निकाय चुनाव से पहले जोन कमिश्नरों का तबादला हुआ है. रायपुर नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने इसका आदेश जारी किया है. आदेश के मुताबिक, राजधानी के जोन क्रमांक 3, 4, 7 और 8 में पदस्थ कमिश्नरों को दूसरे जोन में पदस्थापना की गई है. इसके आलावा एक उपयुक्त को जोन 8 में बतौर जोन कमिश्नर पदस्थापना दी गई है.




आदेश के मुताबिक, जोन 7 आयुक्त जसदेव बाबरा को जोन 3, जोन 8 के आयुक्त अरुण ध्रुव को जोन 4, जोन 3 की आयुक्त प्रीति सिंह को जोन 7, जोन 4 के कमिश्नर राकेश शर्मा को जोन 10 में नवीन पदस्थापना दी गई है. वहीं मुख्यालय में पदस्थ.त्र हालदार को उप आयुक्त पद से हटाकर जोन आयुक्त के पद में जोन क्रमांक 8 में पदस्थ किया गया है. इसके अलावा निर्वाचन एवं जनगणना का प्रभार कृष्णा खटीक उपायुक्त और जन्म-मृत्यू, विवाह पंजीयन का प्रभार स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणिग्रहण को सौपा गया है.

जोन कमिश्नरों के तबादले के अलावा प्रशासनिक व्यवस्था अंतर्गत अस्थायी रूप से आगामी आदेश तक डॉ तृप्ति पाणिग्रही स्वास्थ्य अधिकारी को अपने वर्तमान मूल कार्य के साथ-साथ एन.यू.एल.एम का अतिरिक्त प्रभार सौपा गया है. वहीं उपायुक्त हेमशंकर देशलहरा को एन.यू.एल.एम के कार्य से मुक्त कर दिया गया है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इसका आदेश भी जारी किया है।

# मेकाहारा में मेगा रक्तदान शिविर

**रायपुर 23 जुलाई।** पूरे प्रदेश में फैली टीम के माध्यम से एक प्रेरक कहानी को फिर से लिखने के लिए, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन ने मेकाहारा में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव सहित कई गणमान्य व्यक्ति; कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जयसवाल, विधायक बैकुंठपुर श्री भैयालाल राजवाड़े, विधायक खरसिया श्री उमेश पटेल, एआईजी (यातायात) श्री संजय शर्मा, एसएसपी रायपुर श्री संतोष सिंह , डिप्टी कलेक्टर शारदा अग्रवाल , संजय अग्रवाल एनआर सहित प्रदेश के कई सामाजिक संस्थाएं दशमेश सामाजिक संस्था, करणी सेना, समाज सेवी योगेश अग्रवाल, जॉन राजेश पॉल एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे। संरक्षक मनोज गोयल, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल , सचिव रजत अग्रवाल, उपाध्यक्ष उदित अग्रवाल,एवं सुधीर अग्रवाल , महिला विंग उपाध्यक्ष बबिता अग्रवाल सहित टीम के सभी सदस्य मौजूद रहे । वही मंच संचालन परी सिंह ठाकुर द्वारा किया गया । सुनीता पांडे , श्रुति श्रीवास्तव , गरिमा गोयल द्वारा तिलक लगा कर और बैच पहना कर अतिथियों का स्वागत किया गया । डोनर को टोकन आफ लव,प्रमाण पत्र एवं हेलमेट देकर सम्मानित किया गया ।राशि स्टील की संचालिका ज्योति अग्रवाल द्वारा डोनर्स को 100 हेलमेट ,एवं श्री संजय शर्मा ,ट्रैफिक द्वारा 50 हेलमेट प्रदान किए गए।

हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के राज्य संरक्षक, मनोज गोयल ने कहा, हमारा उद्देश्य युवाओं और आम जनता के बीच नियमित रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा देना है । और आगे हेल्पिंग हैंड्स द्वारा अनेकों स्तर के सामाजिक कार्यों की योजना बनाई जा रही है।




# रामकृष्ण केयर अस्पताल की कैंसर के खिलाफ मुहिम

**'पिंक एक्सप्रेस' वैन का शुभारंभ**

**रायपुर 23 जुलाई।** कैंसर के प्रारंभिक पहचान के लिए, छत्तीसगढ़ के रामकृष्ण केयर अस्पताल, रायपुर के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा एक मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग बस का उद्घाटन किया गया है। यह बस पूरे राज्य में यात्रा करेगी ताकि प्रारंभिक चरण के स्तन कैंसर, मुख कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर की पहचान की जा सके। स्क्रीनिंग प्रक्रिया के बाद, एक कुशल डॉक्टरों की टीम मरीजों को आगे के कैंसर उपचार के लिए मार्गदर्शन करेगी, जिससे समय पर सटीक चिकित्सा व देखभाल सुनिश्चित हो सके। यह बस गांवों में भी जाएगी।

स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग थर्मोग्राफी द्वारा की जाएगी यह एक नई तकनीक है जिसमें बिना स्पर्श, बिना दर्द और बिना रेडियेशन के स्क्रीनिंग किया जायेगा। इस पहल को डॉ. रवि जायसवाल, डॉ. देवा दुलाल बिश्वाल, डॉ. सौरभ जैन, ऑन्कोलॉजी विभाग एवं सनराइज फाउंडेशन (एनजीओ) और सन एंड सन ग्रुप के श्याम शर्मा द्वारा किया जा रहा है।

यह पहल उन लोगों के लिए वरदान साबित होगी जो कैंसर की स्क्रीनिंग तक आसानी से पहुंच नहीं पाते है और विशेष रूप से वे जो वंचित पृष्ठभूमि से हैं और अक्सर डर और संसाधनों की कमी के कारण बहुत उन्नत चरण में कैंसर का निदान नहीं करवा पाते हैं, डॉ. रवि जायसवाल ने बताया कि हमारा मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी महिला स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से जान न जाये, इसके लिए हमें बड़े पैमाने पर कैंसर स्क्रीनिंग अभियान चलाने की जरूरत है। 'इस अवसर पर हमने एक निःशुल्क स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किया और 100 से अधिक महिलाओं की स्तन कैंसर और 50 पुरुषों की मुख कैंसर के लिए स्क्रीनिंग की, जिससे इस कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके। डॉ. संदीप दवे ने कहा कि हमारा उद्देश्य छग राज्य को कैंसर फ्री बनाना है। उन्होंने कहा कि बीमारी को छुपाना नहीं चाहिए। लोग तीसरे व चौथे स्टेज में आते हैं। प्रारंभिक अवस्था में अस्पताल आ जाएं तो कैंसर का इलाज संभव है। चिकित्सा विज्ञान अत्याधुनिक हो गया है।







कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26